mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-29 अंक-132 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये


रीवा

15 मई 2025 गुरुवार

# दैनिक मीडियाऑडीटर

दैनिक मीडिया ऑडीटर

रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



नीरज चोपड़ा समेत...

@ पेज 7

# मोदी सरकार के कवच बने शशि थरूर को कांग्रेस ने सुनाई खरी-खरी





**जालंधर (एजेंसी)।** कांग्रेस वर्किंग कमिटी की आज हुई बैठक में भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने पर बनी सहमति पर चर्चा हुई। बैठक में सभी नेताओं ने अपना पक्ष रखा और एक सुर में पार्टी का संदेश देश तक पहुंचाने

- **कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक में कहा- लक्ष्मण रेखा लांघ दी**

की बात कही गई। वहीं, लोकसभा सांसद शशि थरूर के हाल ही में दिए गए बयानों को लेकर कांग्रेस पार्टी में बेहद नाराजगी है। पार्टी के एक नेता ने कहा कि इस बार शशि थरूर ने लक्ष्मण रेखा लांघ दी है। सूत्रों का यह भी कहना है कि आलाकमान ने नेताओं को हिदायत दी है कि वे इस मुद्दे पर अपनी व्यक्तिगत राय व्यक्त करने के बजाय पार्टी का पक्ष रखें।

दरअसल, शशि थरूर ने 12 मई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सीजफायर की घोषणा पर [illegible] पर एक पोस्ट डाली थी जिसमें उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना की और साथ हीं किसी तीसरे देश द्वारा मध्यस्थता की बात को नकारा था। थरूर ने कहा था, ट्रंप के इंटरनेट मीडिया पर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम को लेकर किए गए पोस्ट पसंद करने लायक नहीं हैं। इनमें उन्होंने भारत और पाकिस्तान को गलत तरीके से एक तराजू में तौलने की कोशिश की है, यह स्तब्ध करने वाला है। भारत आतंकी वारदातों का पीड़ित है और पाकिस्तान आतंकवाद का पोषण करने वाला देश है। पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देता है, यह सच्चाई पूरा विश्व जानता है। वहां के नेता भी इस सच्चाई को स्वीकार करते हैं। इसके बावजूद ट्रंप ने इस तरह के पोस्ट किए।

आज की बैठक में कांग्रेस के एक नेता ने यह मुद्दा उठाया और साहसी थरूर की पोस्ट और बयान पर सवाल भी खड़े किए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि शशि थरूर ने लक्ष्मण रेखा पार की। आज की कांग्रेस वर्किंग कमिटी बैठक में यह भी कहा गया कि यह वक्त निजी राय देने का नहीं, यह संदेश सभी सदस्यों को दिया गया है। हालांकि शशि थरूर का नाम नहीं लिया गया, लेकिन बिना नाम लिए यह संदेश दिया गया कि वक्त निजी राय देने का नहीं बल्कि पार्टी के संदेश को एक सुर में और सटीक तरीके से रखना चाहिए।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर और कई अन्य नेता शामिल थे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की यह तीसरी बैठक थी।जानकारी के लिए बता दें कि बीते 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी थी जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इसके बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया तथा पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया।

## संक्षिप्त समाचार

### गाजा में इजरायल का हवाई हमला, 22 बच्चों समेत 70 लोगों की मौत

**दीर-अल बला(गाजा पट्टी) (एजेंसी)।** गाजा में इजरायल के एयरस्ट्राइक से भारी तबाही हो रही है। उत्तरी और दक्षिणी गाजा में हवाई हमलों में कम से कम 70 लोग मारे गए, जिनमें लगभग दो दर्जन बच्चे भी शामिल हैं। स्थानीय अस्पताल के कर्मियों एवं स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस हमले से एक दिन पहले इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कहा था कि हमास की हार से पहले वह फलस्तीनी क्षेत्र पर इजरायली हमलों को रोकने का सवाल ही नहीं है। अस्पतालों और गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अकेले उत्तरी गाजा के जबालिया के आसपास हुए हमलों में 22 बच्चों



सहित कम से कम 50 लोग मारे गए हैं। ये हमले अमेरिका की मध्यस्थता से हुए समझौते के तहत हमास द्वारा एक इजराइली-अमेरिकी बंधक को रिहा किए जाने के एक दिन बाद और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सऊदी अरब यात्रा के बीच हुए हैं। इजरायली सेना ने हमलों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। हालांकि सेना ने मंगलवार देर रात जबालिया के निवासियों को क्षेत्र खाली करने की चेतावनी दी थी, जहां ÷रॉकेट लांचर समेत हमास के बुनियादी ढांचे मौजूद हैं।÷ जबालिया में बचावकर्मियों ने मृत बच्चों के शवों को निकालने के लिए हाथ से चलने वाले औजारों का उपयोग कर ढही हुई इमारत के मलबे को हटाया। इजरायल ने गाजा में अभियान तेज करने की चेतावनी दी है।

### पाकिस्तान ने भारत को लेटर लिखा-'सिंधु जल संधि पर विचार कीजिए'

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने औपचारिक रूप से भारत से सिंधु जल संधि को निलंबित करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। इंडिया टुडे की खबर में कहा गया है कि सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान के जल संसाधन मंत्रालय ने भारत के विदेश मंत्रालय को पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि संधि को रोकने के लिए नई दिल्ली के कदम से पाकिस्तान में संकट पैदा हो सकता है। पाकिस्तान की सरकार ने बुधवार (14 मई 2025) को भारत के जल शक्ति मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर सिंधु जल समझौते को स्थगित करने को लेकर दोबारा विचार करने की भी अपील की है। पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सय्यद अली मुर्ता ने भारत को चिट्ठी लिखी है जिसमें उन्होंने



कहा कहा कि, ÷सिंधु जल समझौता स्थगित होने की वजह से पाकिस्तान में खरीफ की फसल के लिए पानी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है, सिंधु जल संधि पर एक बार फिर से विचार करें।÷ पाकिस्तान ने इस चिट्ठी की एक प्रति भारत के विदेश मंत्रालय को भी भेजी है। बता दें कि अभी तक इस पर भारत का कोई रिएक्शन नहीं आया है। भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने का फैसला सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा इस्लामाबाद द्वारा आतंकवाद को लगातार समर्थन दिए जाने की समीक्षा के बाद किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा, ÷सिंधु जल संधि सद्भावना और मित्रता की भावना से संपन्न हुई थी, जैसा कि संधि की प्रस्तावना में निर्दिष्ट है। हालांकि, पाकिस्तान ने दशकों से सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देकर इन सिद्धांतों को स्थगित रखा है।

## 'पति का शादी के बाद का संबंध क्रूरता या आत्महत्या के लिए उकसाने के दायरे में नहीं आता'



**मुंबई (एजेंसी)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि किसी व्यक्ति का विवाहेतर (शादी के बाद) संबंध तब तक क्रूरता या आत्महत्या के लिए उकसाने के दायरे में नहीं आता, जब तक यह साबित न हो जाए कि इससे पत्नी को परेशानी या पीड़ा हुई। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने कहा कि विवाहेतर संबंध दहेज हत्या के लिए पति को फंसाने का आधार नहीं है, बशर्ते कथित संबंध और दहेज की मांग के बीच कोई संबंध न हो। कोर्ट ने व्यक्ति को जमानत दे दी, जिसे शादी के लगभग 5 साल के भीतर 18 मार्च, 2024 को ससुराल में पत्नी की अप्राकृतिक मृत्यु के बाद भारतीय दंड संहिता की धारा 498 ए , 304-बी के अलावा धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने कहा, 'अभियोजन पक्ष ने ऐसी सामग्री प्रस्तुत की है कि याचिकाकर्ता का एक महिला के साथ विवाहेतर संबंध था। इसके समर्थन में कुछ वीडियो और चैट रिकॉर्ड का हवाला दिया गया है।' न्यायमूर्ति नरूला ने कहा, 'यह मानते हुए भी कि ऐसा कोई संबंध था, कानून में यह तय है कि विवाहेतर संबंध, आईपीसी की धारा 498ए के तहत क्रूरता या धारा 306 के तहत उकसावे के दायरे में नहीं आता है, जब तक कि यह नहीं दिखाया जाता है कि किसी को परेशान करने या पीड़ा पहुंचाने के लिए संबंध बनाए गए थे।'

**सुरक्षित और पर्यटक-अनुकूल बनाने का होगा काम**

## लाल किला से कुतुब मीनार तक, अब नए रूप में दिखेंगे दिल्ली के टूरिस्ट प्लेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार लाल किला, लोटस टेंपल और कुतुब मीनार सहित शहर के प्रमुख स्मारकों के परिसर को सुंदर रोशनी, बैठने के लिए बेंच और छायादार जगह की व्यवस्था करके बेहतर बनाने की योजना बना रही है। इस पहल का उद्देश्य इन विरासत क्षेत्रों को अधिक सुलभ, स्वागत योग्य और आरामदायक बनाकर समग्र पर्यटक अनुभव को बेहतर बनाना है। सौंदर्यीकरण में अतिक्रमण हटाना, यातायात संकेत लगाना और पैदल चलने की बेहतर सुविधा सुनिश्चित करना भी शामिल होगा।





दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, ''हम लाल किला, कुतुब मीनार और लोटस टेंपल के आसपास के क्षेत्रों को अधिक पैदल चलने योग्य और सुखद स्थानों में बदलने के लिए पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विचार केवल आसपास के क्षेत्र को सुंदर बनाने का ही नहीं है, बल्कि उन्हें अधिक कार्यात्मक, सुरक्षित और पर्यटक-अनुकूल बनाने का है। उन्होंने कहा कि आगंतुकों को धूप से बचाने के लिए 'शेड' लगाने के साथ स्ट्रीट लाइट और बेंच की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने और उचित यातायात संकेत और सिग्नल लगाने की भी योजना है। सरकार शहर की 'ब्रांडिंग' के लिए अभियान शुरू करने की भी तैयारी कर रही है।

मिश्रा ने कहा कि इस परियोजना के लिए जल्द ही एक एजेंसी नियुक्त की जाएगी और दिल्ली के लिए एक नई 'टैगलाइन' चुनी जाएगी। वर्ष 2013 में, कांग्रेस के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने शहर के लिए एक 'टैगलाइन' चुनने के लिए एक सार्वजनिक प्रतियोगिता आयोजित की थी। टैगलाइन दिलदार दिल्ली चुनी गई थी और प्रतिभागी अमित आनंद ने इसे गढ़ने के लिए 50,000 रुपये का पुरस्कार जीता था। मिश्रा ने कहा कि युवाओं को और अधिक जोड़ने के लिए सरकार एक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित करने की योजना बना रही है जिसके जरिये लगभग 20 युवाओं का चयन किया जाएगा।

## चाची से शादी करने के लिए चाचा को ही मार डाला

**बेगूसराय (एजेंसी)।** बेगूसराय में इन दोनों प्रेम प्रसंग में लगातार आपराधिक वारदातों में इजाफा देखा जा रहा है। कहीं-कहीं तो यह प्यार दोनों तरफ से होता है लेकिन कहीं कहीं एक तरफा प्यार में भी बड़े-बड़े कांड हो जाते हैं। ताजा मामला बेगूसराय जिले का है जहां अपनी चाची से एक तरफा प्यार करने वाले भतीजे ने अपने ही चाचा की गोली मार कर हत्या कर दी। हत्या यह सोचकर किया कि चाचा नहीं रहेंगे तो चाची आज न कल उसे अपना जीवन साथी बना ही लेगी। जानकारी के अनुसार, वारदात



11 मई की है। पुलिस को सूचना मिली कि चेरियाबरियारपुर थाना क्षेत्र के मिल्की बहियार में एक युवक का शव फेंका हुआ है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि युवक की गोली मारकर हत्या की गई है। वही मृतक की पहचान सकरौली गांव के वार्ड नंबर-4 निवासी स्वर्गीय रामचंद्र शर्मा के 32 वर्षीय बेटे चंदन शर्मा के रूप में की गई। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर दिया और इस मामले में मुख्य आरोपी मृतक के भतीजे और उसके एक अन्य सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त के पास से पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया एक देसी कट्टा और एक खोखा के साथ मृतक का मोबाइल भी बरामद किया।

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के कुर्रगुट्टालू पहाड़ पर 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया

**अमित शाह ने इसका जानकारी खुद एक ट्वीट के माध्यम से दी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नक्सलवाद के विरुद्ध अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा के कुर्रगुट्टालू पहाड़ पर 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसका जानकारी खुद एक ट्वीट के माध्यम से दी है। बता दें कि इन दिनों सुरक्षा बलों ने नक्सल फ्री भारत के तहत नक्सलियों को खत्म करन के अभियान में तेजी लाई है। गृह मंत्री अमित शाह ने अपने ट्वीट में लिखा कि नक्सल फ्री भारत के संकल्प में एक ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए सुरक्षा बलों ने नक्सलवाद के विरुद्ध अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशन में छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर के कुर्रगुट्टालू पहाड़ (चत्ता) पर छिपे 31 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया है। जिस पहाड़ पर कभी लाल आतंक का राज था, वहाँ आज शान से तिरंगा लहरा रहा है। आगे गृहमंत्री ने ट्वीट में लिखा कि कुर्रगुट्टालू पहाड़ [illegible] बटालियन 1, [illegible], [illegible] और [illegible] जैसी बड़ी नक्सल संस्थाओं का यूनिफाइड हेडक्वार्टर यानी मुख्यालय था, जहां नक्सल ट्रेनिंग के साथ-साथ रणनीति और हथियार भी बनाए जाते थे। नक्सल विरोधी इस सबसे बड़े अभियान को हमारे सुरक्षा बलों ने महज 21 दिनों में पूरा किया और मुझे बेहद खुशी है कि इस ऑपरेशन में सुरक्षा बलों में



एक भी कैजुअलिटी नहीं हुई है। खराब मौसम और दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में भी अपनी बहादुरी और शौर्य से नक्सलियों का सामना करने वाले हमारे [illegible], [illegible] और [illegible] के जवानों को बधाई देता हूँ। पूरे देश को आप पर गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम नक्सलवाद को जड़ से मिटाने के लिए संकल्पित हैं। मैं देशवासियों को पुनः विश्वास दिलाता हूँ कि 31 मार्च 2026 तक भारत का नक्सलमुक्त होना तय है।

इधर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक जीपी सिंह ने भी बुधवार को कहा कि सुरक्षा बल 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने के लिए ÷अथक और निर्मम÷ अभियान चला रहे हैं।

## लालू प्रसाद की मुश्किलें बढ़ीं !

**लैंड फॉर जॉब से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में चलेगा मुकदमा, ईडी को मिली इजाजत**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को दिल्ली की एक अदालत को सूचित किया कि उसे लैंड फॉर जॉब से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की आवश्यक मंजूरी मिल गई है। यह 'घोटाला' उस समय हुआ था जब लालू प्रसाद केंद्रीय रेल मंत्री थे।

ईडी ने अदालत को बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आठ मई को मनी लॉन्ड्रिंग केस लालू प्रसाद पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी थी। एजेंसी के मुताबिक राष्ट्रपति मुर्मू ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 197(1) (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218) के तहत अनिवार्य अनुमति दे दी। ईडी द्वारा अभियोजन की मंजूरी मिलने संबंधी जानकारी दिये जाने के बाद बुधवार को विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने मामले की सुनवाई के लिए 23 मई की तारीख तय की।



न्यायाधीश ने कहा, ''ईडी ने लालू प्रसाद यादव के खिलाफ अभियोजन के लिए गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त मंजूरी को रिकॉर्ड में लाने के लिए एक आवेदन दायर किया है। इसे 23 मई, 2025 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।'' ईडी की ओर से अधिवक्ता मनीष जैन अदालत में पेश हुए। इस मामले की जांच ईडी द्वारा की गई है। संघीय जांच एजेंसी ने पिछले साल अगस्त में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव(76), उनके बेटे और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। इससे पहले, जनवरी 2024 में, ईडी ने लालू प्रसाद के परिवार के एक कथित सहयोगी अमित कत्याल और प्रसाद के अन्य परिवार के सदस्यों के खिलाफ अपना पहला आरोपपत्र दायर किया था। इसमें लालू प्रसाद की पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, सांसद बेटी मीसा भारती, एक अन्य बेटी हेमा यादव और दो संबंधित कंपनियों - ए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड और ए बी एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम शामिल हैं। अदालत ने हाल ही में इन दोनों आरोपपत्रों (अभियोजन पक्ष की शिकायतों) पर संज्ञान लिया। ईडी का यह मामला सीबीआई की ओर से दर्ज प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि लालू प्रसाद 2004-2009 के दौरान भारतीय रेलवे में ग्रुप डी के पदों पर भर्ती में हुए 'भ्रष्टाचार' में संलिप्त थे।

## '10 बार माफी मांगने के लिए तैयार हूं'

**कर्नल सोफिया पर दिए विवादित बयान पर बोले मंत्री विजय शाह**

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के जनजातीय मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया को लेकर दिए गए अपने विवादित बयान के लिए माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि मैं 10 बार माफी मांगने के लिए तैयार हैं। सोफिया बहन मेरे लिए सगी बहन से भी ज्यादा अहम है। वह देश की रक्षा के लिए तैनाता है। मैं उन्हें सैल्यूट करता हूं। विजय शाह ने कहा कि विचलित और दुखी मन से कोई बात निकल गई हो तो मै उनसे 10 बार माफी मांगने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा कि घटना के दिन से मैं विचलित हूं क्योंकि मेरा परिवार भी मिलिट्री बैकग्राउंड से है। हमारे परिवार में कई लोग शहीद हुए हैं और शहीद के दुख को हमने महसूस किया है। जिस दिन से यह घटना हुई है मैं बहुत दुखी हूं। मां, परिवार, बेटे और पत्नी के सामने उनका धर्म और जाति पूछकर, कपड़े उतार कर यदि उन्हें गोली



मार दे तो ये घटना विचलित करनेवाली है। उस दिन से मैं न केवल दुखी हूं बल्कि विचलित भी हूं और विचलित और दुखी मन से मैंने कोई बात कही तो उसके लिए माफी मांगता हूं।

विजय शाह ने कहा कि हमारी बहन सोफिया ने राष्ट्रीय धर्म निभाते हुए उन लोगों की ऐसी की तैसी कर दी। अगर इनमें कोई विचलित मन और दुखी मन से बात निकल गई हो। शब्द आगे पीछे या अलग हों तो मैं माफी मांगता हूं। सोफिया बहन के बारे में, मिलिट्री के बारे में, मोदी जी के बारे में मेरी ऐसी कोई सोच नहीं थी। सोफिया बहन हमारी सगी बहन से ज्यादा महत्वपूर्ण हो मैं उनको सैल्यूट करता हूं। हम सोच भी नहीं सकते लेकिन फिर भी इस तरीके से मीडिया में लोगों ने माहौल बनाया। विचलित और दुखी मन से बात निकल गई हो तो मैं 10 बार माफी मांगने को तैयार हूं।

उन्होंने कहा कि दुखी और विचलित मन से अगर कोई बात निकल गई हो और उससे चोट पहुंची तो मैं माफी मांगता हूं। देशभक्ति के लिए कांग्रेस से सर्टिफिकेट नहीं चाहिए। कांग्रेस कुछ भी कहे मुझे इस बारे में कुछ नहीं कहना।वहीं मंत्री विजय शाह के विवादित बयान के खिलाफ आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके बंगले पहुंचकर नेम प्लेट पर कालिख पोती। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने मंत्री विजय शाह के बंगले के बाहर इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी की।

## उत्तम नगर के बीएम गुप्ता अस्पताल में लगी आग, कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में मंगलवार को देर शाम एक नर्सिंग होम में आग लग गई, जिस पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया गया है। घटना में किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड के अधिकारियों को दमकल की 11 गाड़ियां मौके पर भेजीं। एक अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं



है। दिल्ली अग्निशमन सेवा को रात करीब आठ बजे आग लगने की सूचना मिली। फायर विभाग के एक अधिकारी ने कहा, ''हमने 11 गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा और रात नौ बजकर 25 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया।'' उन्होंने कहा कि घटना के समय करीब 15 से 20 मरीज और 20 कर्मचारी अस्पताल में मौजूद थे, जिन्हें तुरंत बाहर निकाल लिया गया। यह अस्पताल उत्तम नगर में स्थित है, जिसे बीएम गुप्ता अस्पताल के नाम से जाना जाता है। इसके डेंटल विंग में मंगलवार को यह आग लगी थी। आग पर काबू पा लिया गया है। एडीओ जनकपुरी आरके यादव ने बताया, ÷सूचना मिलने पर विभिन्न स्टेशनों से हमारी गाड़ियां यहां पहुंच गईं। आग पर काबू पा लिया गया है। किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।÷

### मिनर्वा हास्पिटल को ठहराया मौत का जिम्मेदार, रीवा कलेक्टर से की कार्रवाई मांग

# सतना के शहीद हेड कांस्टेबल प्रिंस दुबे की मौत मामले में परिजनों ने किया का बड़ा खुलासा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सतना के शहीद हेड कांस्टेबल प्रिंस दुबे की मौत मामले में परिजनों ने बड़ा खुलासा करते हुए रीवा के बहुचरर्चित निजी अस्पताल मिनर्वा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। [23] जहां उनका इलाज चल रहा था। परिजनों के मुताबिक गोली लगने से घायल हेड कास्टेबल के शरीर में फंसी गोली को जिस अस्पताल के डॉक्टरों ने शरीर के भीतर ना होना बताया था। उस गोली के छर्रे मौत के उपरांत दिल्ली में हुए पोस्टमार्टम के दौरान कॉलर बोन में धसे मिले हैं।






हेड कास्टेबल के परिजनों ने सीधे तौर पर रीवा के इस निजी अस्पताल प्रबंधन पर धोखाधड़ी और उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मौत का जिम्मेदार भी ठहराया है। परिजनों ने बुधवार को रीवा के कलेक्टेट कार्यालय पहुंचकर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। परिजनों ने इस दौरान अस्पताल प्रबंधन पर कारवाई की मांग करते हुए अस्पताल को बंद कराने की भी अपील की है। बतादें कि 29 अप्रैल की रात सतना के जैतवारा थाना परिसर में हुए गोलीकांड में घायल हुए हेड कांस्टेबल प्रिंस दुबे को संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर किया गया था। जहां देर रात विभाग के ही जिम्मेदारों की सलाह पर रीवा के ही प्राइवेट अस्पताल हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया। जहां करीब एक सप्ताह तक उपचार चला। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टर्स परिजनों को बार-बार यही आश्वासन देते रहे कि घायल पूरी तरह से ठीक है, लेकिन कुछ दिनों बाद घायल के शरीर सहित अंदरूनी हिस्सों ने काम करना बंद कर दिया और अस्पताल के डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए। जिसके बाद परिजन उसे एयरलिफ्ट की मदद से दिल्ली के मैक्स अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। दिल्ली मैक्स हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने रीवा में किए गए उपचार को पूरी तरह गलत बताया। जिसके चलते उनकी मौत हो गई।

## सतना में स्कूल के खेल मैदान से अतिक्रमण हटाया गया



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना जिले के नागौद ब्लॉक के पतवारा गांव में बुधवार को प्रशासन ने शासकीय स्कूल के खेल मैदान को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। इस कार्रवाई में करीब 7 करोड़ रुपए मूल्य की 6.5 एकड़ सरकारी जमीन को खाली कराया गया।

पतवारा स्थित शासकीय स्कूल के खेल मैदान पर पिछले एक साल से 10 से अधिक लोगों ने अवैध कब्जा जमा रखा था। लोगों ने स्कूल परिसर की सीमा लांघकर वहां पक्के मकान और निर्माण कार्य कर लिए थे। खेल मैदान का अधिकांश हिस्सा घरों और बाउंड्री वॉल से घिर चुका था।

प्रशासन ने कब्जाधारियों को कई बार नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने को कहा, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद तहसीलदार सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार को पुलिस बल और दो जेसीबी मशीनों के साथ कार्रवाई की गई।

तहसीलदार मिश्रा ने बताया कि बेदखली की कार्रवाई पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने नोटिस मिलने के बाद खुद ही अपना कब्जा हटा लिया था। बाकी के अतिक्रमण को मशीनों की मदद से हटाया गया।

## भांजे के तिलकोत्सव में जा रहा परिवार हादसे का शिकार, मामी की मौत



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में भांजे के तिलकोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे मामा सहित उनका परिवार सड़क हादसे का शिकार हो गया। जिसमें एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो महिला सहित एक पुरुष घायल हो गए हैं। घायलों में पतंजलि योग समूह के जिला प्रमुख भी शामिल हैं। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि शव को पीएम के लिए मर्चुरी में रखा दिया गया है। जानकारी के अनुसार पतंजलि योग समिति के जिला प्रमुख रामाधार विश्वकर्मा बीती रात अपनी पत्नी चंद्रवती विश्वकर्मा सहित परिवार के दो अन्य महिलाओं के साथ भांजे के तिलक में शामिल होने सेमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रिया जा रहे थे। उन्होंने बताया कि जैसे ही वह कार से बसावन मामा के समीप पहुंचे तभी कार डिवाइडर से टकरा गई। इस सड़क हादसे में जहां रामाधार सहित दो महिलाएं घायल हो गई। वहीं उनकी पत्नी चंद्रवती की मौत हो गई है।

### मुख्यमंत्री का रीवा और सीधी दौरा आज

# मुख्यमंत्री आज देंगे 50.73 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों की सौगात

### मुख्यमंत्री डॉ यादव आज दिव्यगवां में कालेज भवन का करेंगे लोकार्पण



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 15 मई को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा और सीधी जिले के दौरे पर आएंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव सुबह 10 बजे भोपाल से वायुयान से प्रस्थान कर सुबह 11 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री रीवा एयरपोर्ट से सुबह 11.05 बजे हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर 11.25 बजे जवा तहसील के दिव्यगवां हेलीपैड पहुंचेंगे। दिव्यगवां में मुख्यमंत्री जी नवनिर्मित शासकीय महाविद्यालय भवन का लोकार्पण करने के बाद आमसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर 12.35 बजे दिव्यगवां से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर दोपहर 12.55 बजे हेलीपैड सीधी पहुंचेंगे। सीधी में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री जी सिंगल क्लिक के माध्यम से लाड़ली बहना योजना की मई माह की किश्त की राशि हितग्राहियों के बैंक खाते में जारी करेंगे। मुख्यमंत्री विशाल आमसभा को संबोधित करने के साथ निर्माण कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव दोपहर 2.30 बजे हेलीकाप्टर से सीधी से प्रस्थान कर दोपहर 2.50 बजे हेलीपैड मझौली पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री मझौली में जनजातीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर निर्माण कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री शाम 4.10 बजे मझौली से हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर शाम 4.35 बजे एयरपोर्ट रीवा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री रीवा से शाम 4.40 बजे वायुयान से प्रस्थान कर शाम 5.25 बजे भोपाल पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री रीवा से सुबह 11.05 बजे हेलीकाप्टर से प्रस्थान कर 11.25 बजे जवा तहसील के दिव्यगवां पहुंचेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ यादव 47 करोड़ 98 लाख 50 हजार रुपए के 5 कार्यो का लोकार्पण तथा 2 करोड़ 75 लाख 29 हजार रुपए के दो कार्यो का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री दिव्यगवां में रीवा जिले को 50 करोड़ 73 लाख 79 हजार रुपए के निर्माण कार्यो की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री सबसे पहले मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड द्वारा 6 करोड़ 17 लाख 82 हजार रुपए की लागत से बनाए गए शासकीय भगवान बिरसा मुण्डा महाविद्यालय भवन दिव्यगवां का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री 93 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बनाए गए भगवान बिरसा मुण्डा सामुदायिक भवन तथा विधानसभा क्षेत्र मनगवां में राष्ट्रीय राजमार्ग से तिवनी जंक्शन पर बनाए गए सिक्स लेन ओवर ब्रिज का लोकार्पण करेंगे। इसकी लागत 14 करोड़ 85 लाख रुपए है। समारोह में 18 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से बनाए गए सिरमौर-क्योटी नवीन सड़क तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बनाए गए 501 खेत तालाबों का लोकार्पण करेंगे। इनकी लागत 7 करोड़ 50 लाख रुपए है। मुख्यमंत्री डॉ यादव दो निर्माण कार्यो का शिलान्यास भी करेंगे। इनमें लोक निर्माण विभाग द्वारा एक करोड़ 39 लाख 29 हजार रुपए की लागत के हाईस्कूल भवन अतरैला तथा एक करोड़ 36 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे एसडीएम कार्यालय जवा का निर्माण कार्य शामिल है। साथ ही मुख्यमंत्री जी जिले में 5 एकड़ में प्रस्तावित मुनगा के वृक्षारोपण का भी भूमिपूजन करेंगे।

**मुख्यमंत्री दिव्यगवां में हितग्राहियों को करेंगे हितलाभ का वितरण:** दिव्यगवां में बिरसा मुण्डा महाविद्यालय दिव्यगवां पहुंचकर नवनिर्मित भवन का लोकार्पण के बाद मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्ज्वलन के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री कन्या पूजन करके बेटियों का सम्मान करेंगे। समारोह की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद जनार्दन मिश्र, विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत नीता कोल, जिलाध्यक्ष भाजपा वीरेन्द्र गुप्ता तथा जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष घनश्याम सिंह उपस्थित रहेंगे। समारोह में 11.55 बजे से 12 बजे तक अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। समारोह में दोपहर 12 बजे विधायक सिरमौर सिंह स्वागत उद्बोधन देंगे। इसके बाद दोपहर 12.05 बजे सांसद मिश्र का उद्बोधन होगा। समारोह में इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव जल गंगा संवर्धन अभियान के 501 खेत तालाबों तथा अन्य निर्माण कार्यो का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन भी करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना से हितग्राहियों को भू अधिकार पत्रों का वितरण करेंगे। समारोह में दोपहर 12.12 बजे उप मुख्यमंत्री शुक्ल का उद्बोधन होगा। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

## इंदिरा कन्या महाविद्यालय के गेट पर ताला लगाकर किया प्रदर्शन



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना के इंदिरा कन्या महाविद्यालय में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्राओं की मार्कशीट से जुड़ी समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। छात्रों ने कॉलेज में तालाबंदी की और प्रबंधन का पुतला भी फूंका गया।सैकड़ों छात्राओं ने प्रदर्शन किया, उनका आरोप है कि कई छात्राओं को अब तक मार्कशीट नहीं मिली है, जिनको मिली है उनमें हस्ताक्षर नहीं हैं। इससे उन्हें आगामी परीक्षाओं के फॉर्म भरने में दिक्कत आ रही है। छात्राओं ने बताया कि दूर-दराज से आने वाली छात्राओं को परीक्षा रद्द होने की सूचना समय पर नहीं दी जा रही। यूनिवर्सिटी की लापरवाही का ये आलम है कि जिनके रिजल्ट गलत आए थे, उनमें सुधार तक नहीं किया गया है।

करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद कॉलेज प्राचार्य डॉ. ए.के. पांडेय मौके पर पहुंचे और एबीवीपी के नगर मंत्री उदित त्रिपाठी से ज्ञापन लिया।

प्राचार्य ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का समाधान जल्द किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में एक प्रोफेसर को एपीएस यूनिवर्सिटी रीवा भेजा गया है। बाकी बची हुई मार्कशीट जल्द वितरित कर दी जाएंगी, और इसी वजह से परीक्षा की तारीख भी आगे बढ़ा दी गई है।

## दो भाइयों के परिवार के बीच जमकर चले लाठी-डंडे, पति-पत्नी घायल



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र स्थित दुलहरा बलहरा गांव में [ड्ड्स्र] साहू परिवार के दो भाइयों के बीच चल रहे जमीनी विवाद के चलते जमकर मारपीट हुई। घायल हुए भैया लाल साहू और उनकी पत्नी फूल कुमारी को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया। घायलों के परिजनों ने बताया कि जमीनी विवाद के चलते बड़े भाई और उसके परिवार ने मिलकर छोटे भाई और उसकी पत्नी पर हमला कर दिया। लाठी डंडा व धारदार हथियार से किए गए वार में भैया लाल और उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल रीवा लाया गया। वहीं दूसरे पक्ष के लोग भी घायल बताए जा रहे हैं। जिनका उपचार सिरमौर स्थित अस्पताल में कराया जा रहा है।

## थाना प्रभारी की अपील पर देशसेवा के लिए जुटे युवा



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना के मझगवां थाने में देशसेवा का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। थाना प्रभारी आदित्य नारायण धुर्वे ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर सिविल डिफेंस वालेंटियर बनने की अपील की। जिसके अगले दिन बुधवार को 25 युवा थाने पहुंच गए।

टीआई ने सभी युवाओं का स्वागत किया। उन्होंने युवाओं की शैक्षणिक योग्यता और पारिवारिक पृष्ठभूमि की जानकारी ली। इसके बाद गृह विभाग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। युवाओं को आपातकालीन स्थिति में पुलिस और जनता की मदद करने के तरीके बताए गए।

टीआई धुर्वे के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के बाद युवाओं में देशसेवा का जज्बा बढ़ा है। सभी युवाओं से वालंटियर पत्रक भरवाए गए हैं। उन्हें जल्द ही आगे की जानकारी दी जाएगी। युवाओं से क्षेत्र में होने वाली घटनाओं की सूचना देने को कहा गया है, जिससे सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा मिल सके।

## सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद थाने का घेराव, हत्या का आरोप



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के जानेह थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत के बाद परिजनों ने आज जानेह थाना का घेराव कर दिया। मार्ग पर चिल्ला-जानेह मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। परिजनों का आरोप है कि इस घटना को जानबूझकर अंजाम दिया गया था। घटना के संबंध में मृतक सूरज कोल निवासी ग्राम नोडिया के चाचा मिथुन ने जानकारी देते हुए बताया कि दो दिन पूर्व उनका भतीजा सूरज अपने दोस्त अतुल के साथ बाइक से जा रहा था इसी दौरान जानेह थाना के समीप सामने से आ रही दूसरी बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे सूरज की मौत हो गई जबकि अतुल गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिसका उपचार जारी है। मिथुन का आरोप है कि जिन युवकों की बाइक से उनके भतीजे को को टक्कर मारी गई थी, उनसे तकरीबन 20 दिन पूर्व उनका विवाद हुआ था और युवकों ने उनके भतीजे को जान से मारने की धमकी भी दी थी। मिथुन का सीधा आरोप है कि उनके भतीजे की हत्या की गई है। जिसे सड़क दुर्घटना का रूप दिया गया है। इसी मांग को लेकर आज मृतक के परिजन ने थाने के सामने घेराव करते हुए चक्का जाम कर दिया।

## मऊगंज में फिर हुई हिंसक घटना, चले लाठी-डंडे, वाहनों में तोड़फोड़



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मऊगंज जिले में हिंसक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक बार फिर से जिले के ग्राम पंचायत रामपुर में सरकारी जमीन के सीमांकन के दौरान जमकर लाठी डंडे चले। इस वारदात में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हें पुलिस की मदद से सिविल अस्पताल मऊगंज लाया गया है। मारपीट के दौरान आरआई और पटवारी किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग निकले। इतना ही नहीं आरोपियों ने सरपंच के घर में भी घुसकर वहां भी लाठी-डंडों से हमला किया। जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। इतना ही नहीं अस्पताल में घायलों के उपचार के दौरान, जब दूसरा पक्ष भी वहां पहुंचा तो फिर से दोनों पक्ष में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान दूसरे पक्ष के करीब चार लोग और घायल हो गए, जिन्हे उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटना को लेकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर, एसपी सहित भारी पुलिस बल अस्पताल परिसर में तैनात रहा। इस दौरान कई गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई है।

## बेटी की बिदाई के पहले पिता की मौत



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भीटी में बेटी की विदाई से पहले पिता की अर्थी उठ गई। जिससे खुशियों से भरा परिवार मातम में डूब गया। जानकारी के मुताबिक भीटी गांव के निवासी मृतक धर्मराज पाठक की बेटी का बुधवार को गमना था। सुबह करीब 6 बजे धर्मराज स्नान करके कपड़े डाल रहे थे। इसी दौरान वह बिजली के करंट की चपेट में आ गए। बिजली के कटे हुए तार से उन्हें करंट लग गया, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक धर्मराज की बेटी का गमना होना था जिसके लिए ससुराल पक्ष के लोग आए हुए थे। लेकिन बेटी की विदाई से पहले ही पिता की मौत से पूरे परिवार पर गम का पहाड़ टूट पड़ा।

## सतना के उचेहरा में संकट मोचन मंदिर में चोरी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना के उचेहरा कस्बे में मंगलवार-बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने संकट मोचन मंदिर में चोरी की। चोरों ने मंदिर के मुख्य गेट समेत तीन जगहों के ताले तोड़कर दान पेटी में रखे रुपए, फूल के 4 घड़ियाल घंटे, थाली, कांसे का गिलास और पूजा का अन्य सामान चुरा लिया। सुबह साढ़े 6 बजे घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। मंदिर के सहयोगी पुजारी अशोक गौतम ने चोरी की जानकारी दी।

## रीवा से चलने वाली दो ट्रेन निरस्त

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा से चलने वाली दो ट्रेनों को कटनी में फ्लाई ओवर निर्माण के चलते निरस्त कर दिया गया है। [ड्ड्स्र ] ऐसे में यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। बतादें कि कटनी में फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसको देखते हुए सतना से गुजरने वाली कई ट्रेनों को निरस्त किया गया है। वहीं कुछ ट्रेनों का रुट बदला गया है। रीवा से चलने वाली दो ट्रेनें भी इससे प्रभावित हुई हैं। बिलासपुर से रीवा के बीच चलने वाली ट्रेन 18 से 24 मई तक निरस्त रहेगी। वहीं रीवा से बिलासपुर के बीच चलने वाली ट्रेन 19 से 25 मई तक निरस्त रहेगी। रीवा से चिरमरी के बीच चलने वाली ट्रेन भी निरस्त रहेगी।

### आरटीओ की चंदा पर्ची से अधिकारियों की बल्ले बल्ले

# यातायात कानून के तहत वाहनों से ऑनलाइन चालान की बजाय ऑफलाइन चंदा पर्ची से वसूला रहे राजस्व

## आरटीओ का कोई नियम नहीं, यातायात की गाइडलाइन को तार तार कर रहे आरटीओ के उड़नदस्ता कर्मी




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** केंद्र सरकार और मध्य प्रदेश शासन के द्वारा किसी भी प्रकार के वाहन पर आरटीओ यानी रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी जिसे हम (परिवहन विभाग) भी कहते हैं को सड़क में दौड़ाने से लेकर तमाम जिम्मेदारी दे दी गई है कि वाहनों को सड़क पर दौड़ाने के साथ ही उसपर कार्यवाही और सख्ती की जवाबदेही भी आरटीओ की ही होगी परंतु आरटीओ के तहत वाहनों पर कार्यवाही के लिए कोई खासे नियम नहीं बनाए गए हैं जिसके कारण यातायात विभाग के नियमों पर ही आरटीओ कर्मचारी वाहनों की चालानी कार्यवाही करते हैं जिसमें किसी भी तरह के गलत नियम पर चलने वाले वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की जाती है मगर रीवा में आरटीओ विभाग ने किसी भी तरह के नियम न होने के चलते अपने खुद के नियम लॉन्च किए हैं जो केवल रीवा आरटीओ विभाग के उड़नदस्ता कर्मचारियों के लिए बनाए गए हैं। जिसके तहत आरटीओ के कोई भी नियम न होने पर उड़नदस्ता कर्मी ऑनलाइन चालान काटने के बजाय चंदा पर्ची से निजी राजस्व बढ़ा रहे हैं।

दरअसल आरटीओ विभाग का उड़नदस्ता वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग में दौड़ते हुए जहां पर मन करे वहीं पर खड़ा होकर मार्ग से गुजरने वाली वाहनों की चेकिंग करता है और अपने खुद के बनाए नियम के अनुसार वाहनों में किसी भी प्रकार की कमी न होने पर भी विभाग के लिए चंदे की मांग करता है जिसके लिए वाहन में बैठे कर्मचारियों के द्वारा बकायदे चंदे की पर्ची भी काटी जाती है।

जानकारी के मुताबिक आरटीओ के उड़नदस्ता वाहन के द्वारा किसी भी वाहन की चेकिंग न की जाए इसके लिए वाहन के मालिक यानी उड़नदस्ता के हेड की कुर्सी के लिए नियुक्त साहब द्वारा प्रति वाहन 3500 रूपये का चंदा चार्ज किया जाता है जिसमें उस राशि को अदा करने वाले वाहन को पूरा महीना जिले के अंदर किसी भी स्थिति में घूमने की छूट रहती है। बताया जा रहा है कि जिस उड़नदस्ता वाहन के लिए आरटीओ विभाग ने अपने अलग नियम लागू किए हैं उसमें अलग से एक और नियम भी बना हुआ है कि उस वाहन में आपको सरकार के वर्दी धारी कर्मचारी बैठे हुए नहीं मिलेंगे बल्कि उसमें प्रायवेट कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है जिससे अगर कोई वाहन मालिक चंदे की राशि अदा करने में न नुकूर करे तो उसे खल्लास कर दिया जाए मतलब दादागिरी के जरिए उससे राशि वसूली जाए।

आपको बता दें दैनिक मीडिया ऑडीटर के पास हाल ही आरटीओ के उड़नदस्ता वाहन में चंदे की राशि जमा करने की खातिर वाहन मालिक से की जा रही है बातचीत का एक ऑडियो भी आया है जिसमें वाहन मालिक को 2 वाहन चलाने के लिए 7000 रूपये जमा करने के लिए कहा जा रहा है। जिसके बाद दैनिक मीडिया ऑडीटर की टीम ने सत्यता को तलाशने का प्रयास भी किया तो पता चला कि यह सत्य है तथा जिले के प्रत्येक वाहन मालिकों के द्वारा इस राशि को जमा कराया जाता है।

## भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत









**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सी0बी0एस0ई0 के कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम 13 मई 2025 को घोषित किए गए जिसमें भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल, मनकहरी का परीक्षा परिणाम अच्छा रहा। पी0सी0एम0 संकाय से छात्र अभिनव कुमार पंडित पुत्र श्री चन्द्रशेखर पंडित, माइंस विभाग ने 87.2 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान, अंबुज ताम्रकार पुत्र श्री राकेश ताम्रकार, ई एण्ड आई विभाग ने 84.2 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान और स्रजल सिंह पुत्र श्री रवि कुमार सिंह, डी.जी विभाग ने 82.2 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कामर्स संकाय से तनव सिंह पुत्र श्री पुनीत सिंह, कैपेक्स प्रोजेक्ट विभाग ने 89.0 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान, शिवेन्द्र कुमार तिवारी पुत्र श्री राजेश तिवारी,माइंस विभाग ने 85.6 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान और भूमिका प्रताप देशमुख पुत्री श्री पी0एम0 देशमुख, स्कूल विभाग ने 82.4 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के पी0सी0एम0 संकाय से 89 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा औसत प्राप्तांक 72.5 प्रतिशत अर्जित किये। पी0सी0एम0 संकाय के 44.4 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने विशेष योग्यता प्राप्त की। विद्यालय के वाणिज्य संकाय से 71.0 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा औसत प्राप्तांक 66.6 प्रतिषत अर्जित किये। वाणिज्य संकाय के 28.6 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने विशेष योग्यता प्राप्त की। छात्रों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ0 रामानंद गोस्वामी ने विद्यालय परिवार एव अभिभावकों की कर्तव्यपारायणता की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसीडेन्ट एच0आर0एम0 एवं कारपोरेट अफेयर्स मनीष कुमार सिन्हा, प्रेसीडेन्ट एंड प्लांट हेड श्री मनीष कुमार सिंह, प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ने छात्रों, अभिभावकों शिक्षकों व प्राचार्य महोदय को हार्दिक शुभकामनायें दी। उपरोक्त आशय की जानकारी प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

## बीजेपी नेता गौरव तिवारी ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** एपीएस यूनिवर्सटी के नवीन स्टेडियम में 'विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा विभाग' द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें भाजपा नेता गौरव तिवारी बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, यह मैच प्रतियोगिता टीआरएस वारियर एवं लाइफ केयर हॉस्पिटल के बीच तय हुआ जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि गौरव तिवारी ने किया। गौरव तिवारी ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें हौसला दिया। बीजेपी नेता गौरव तिवारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि, खेल को जिंदगी का अहम हिस्सा बनाना चाहिए तथा सफलता का कोई शॉर्टकट नही होता। हमारे सपने को हमे जीना सीखना चाहिए। खेल के माध्यम से हम शारीरिक विकास के साथ- साथ कैरियर निर्माण कर सकते है। जो खेल में हारने के बाद भी मन से हार नहीं मानता, वह खिलाड़ी ही असली बाज़ीगर है।

उन्होंने आगे कहा कि, सफलता की प्रथम सीढ़ी परिश्रम ही है। सीखने की आदत, कठिनाइयों का सामना करना और स्वयं की मूल्यांकन ही सफलता के मूलमंत्र है। खेल खेलने की कोई उम्र नहीं होती है। वर्तमान आधुनिक युग में शरीर का स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। किसी भी व्यक्ति का सर्वांगीण विकास खेल से ही संभव है। खेल के माध्यम से हम अपने समाज, नगर और राज्य का गौरव बढ़ा सकते हैं। खेल में जीत या हार मायने नहीं रखता। वर्तमान आधुनिक युग में हम खेल में भी अपने परिवार, समाज और गांव का नाम रौशन कर सकते हैं। खेल से हम टीम भावना, दृढ़ता, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकास करते हैं तथा आने वाले पीढ़ी के लिए रोल मॉडल तैयार करते हैं।

गौरव तिवारी ने आगे कहा कि अपने मनोबल को कभी टूटने नहीं देना चाहिए, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। सबसे बड़ा खिलाड़ी वो नहीं होता जो कभी नहीं हारता बल्कि, वो होता है जो कभी हार नहीं मानता। हम लोगों को हमेशा अपनी गलती से सीखकर, अगले टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास करना चाहिए। जो व्यक्ति मन से हार जाता है वो कभी नही जीत सकता, इसलिए अपने मनोबल को कभी भी टूटने नही देना चाहिए।

आयोजन समिति के रामभूषण मिश्रा ने कहा कि, युवा ही राष्ट्र के नवनिर्माता होते हैं तथा गांव, राज्य व देश का नाम रौशन करते हैं। जिंदगी में हार या जीत मायने नहीं रखता बल्कि खेल खेलना महत्वपूर्ण है। उक्त प्रतियोगिता समारोह में प्रमुख रूप से डा. एमपी सिंह, कोच बालीबाल डा. विजय सिंह, ॥हृष्ठ हिंदी विभाग डा. अनुराग मिश्रा, आयोजन समिति, शहर के नागरिकगण, टीआरएस वारियर्स एवं रीवा हॉस्पिटल टीम के युवा खिलाड़ी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं के आवेदनों पर तत्परता से कार्यवाही के निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में 50 दिनों से अधिक समय से लंबित सभी आवेदन पत्रों का 19 मई तक अनिवार्य रूप से निराकरण करें। अप्रैल माह में दर्ज शिकायतों तथा समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण के लिए भी तत्परता से कार्यवाही करें। पीएचई विभाग ने इस सप्ताह 782 आवेदनों का निराकरण करके अच्छा कार्य किया है। शेष आवेदनों का भी तीन दिवस में निराकरण करें। अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल बिजली व्यवस्था पर ध्यान देने के साथ शिकायतों के निराकरण पर भी ध्यान दें। बिजली की आपूर्ति और बिलों में सुधार के सभी आवेदन 18 मई तक अनिवार्य रूप से निराकृत करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सभी राजस्व अधिकारी भी आवेदनों के निराकरण में गंभीरता से कार्यवाही करें।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि समर्थन मूल्य पर गेंहू के उपार्जन की अवधि समाप्त हो गई है। खरीदी केन्द्रों में भण्डारित गेंहू का दो दिन में उठाव कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। किसानों को तीन दिन में शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करें। उप संचालक कृषि द्वारा नरवाई जलाने की घटना की प्रतिदिन रिपोर्ट दी जा रही है। सभी तहसीलदार नरवाई जलाने वाले किसानों को नोटिस देकर सभी प्रकरणों में जुर्माने की कार्यवाही करें। सभी अधिकारी मानवाधिकार आयोग, बाल अधिकार संरक्षण आयोग, सीएम मानिट तथा सीएस मानिट के आवेदनों में तय समय सीमा में कार्यवाही करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा तय की गई स्थानांतरण नीति के अनुरूप जिले के भीतर स्थानांतरण के प्रस्ताव 15 मई को शाम 5 बजे तक जिला पंचायत कार्यालय को उपलब्ध करा दें। स्थानांतरण के प्रस्ताव में कारण का स्पष्ट रूप से उल्लेख करें। शासन द्वारा तय की गई संख्या के अनुसार ही स्थानांतरण के प्रस्ताव दें। मुख्यमंत्री जी 15 मई को जवा के दिव्यगवां में शासकीय कालेज भवन का लोकार्पण करेंगे तथा आमसभा को संबोधित करेंगे। जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह सभी सुबह 9 बजे दिव्यगवां पहुंचकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई पेयजल की उपलब्धता तथा प्रत्येक सेक्टर में वितरण के लिए पर्याप्त कर्मचारी तैनात करें।

बैठक में कलेक्टर ने तहसीलदारों को सीमांकन के प्रकरण निराकृत करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, समग्र पोर्टल में ई केवाईसी अपडेशन, खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ई केवाईसी तथा उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण की भी समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में एसडीएम, तहसीलदार तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल हुए।

## समाधान ऑनलाइन के लंबित प्रकरणों में कार्यवाही करें



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित आवेदनों का सात दिवस में निराकरण करें। इसी तरह समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित प्रकरणों का भी 20 मई से पहले अनिवार्य रूप से निराकरण करें। गत माह सभी अधिकारियों ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में तत्परता से कार्यवाही की जिसके कारण मऊगंज जिले को आवेदनों के निराकरण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण का लगातार प्रयास करें। सभी अधिकारी अप्रैल माह में लंबित 1460 प्रकरणों तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित 3641 प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सभी राजस्व अधिकारी, जिला आपूर्ति अधिकारी, कार्यपालन यंत्री एमपीईबी तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान दें। कार्यपालन यंत्री पीएचई भी खराब हैण्डपंपों का सुधार कराकर सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में सभी विभाग ग्रेडिंग में ए श्रेणी में रहने के लिए प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। सभी आवेदन पत्रों का सावधानी से अध्ययन कर उनमें तथ्यपूर्ण उत्तर दर्ज करें। स्पष्ट उत्तर दर्ज करने पर प्रकरण निराकृत हो सकेंगे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कार्यपालन यंत्री पीएचई और मुख्य नगर पालिका अधिकारी पेयजल व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। नलजल योजनाओं को पंचायतों के माध्यम से संचालित रखें।

नलजल योजनाओं के संचालन में किसी भी तरह की कठिनाई आने पर उसे तत्काल दूर करें। समर्थन मूल्य पर गेंहू के उपार्जन का कार्य पूरा हो गया है। खरीदी केन्द्रों से तत्काल गेंहू का उठाव कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को क्षेत्र का भ्रमण करने तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की सतत निगरानी के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम हनुमना रश्मि चतुर्वेदी, एसडीएम मऊगंज बीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर राजेश मेहता तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आईटीआई रीवा में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आज




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** संभागीय आईटीआई रीवा में 15 मई को सुबह 10 बजे से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में प्राचार्य ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में डी एण्ड एच सेचेरॉन इलेक्ट्रोडस प्राइवेट लिमिटेड इंदौर द्वारा आईटीआई अथवा डिप्लोमा के प्रशिक्षणार्थियों के लिए ऑपरेटर के पद हेतु इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आईटीआई के फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, बेल्डर, इलेक्ट्रीशियन तथा इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल डिप्लोमा पास प्रशिक्षणार्थी शामिल हो सकते हैं। आईटीआई प्रशिक्षणार्थी को 17593 तथा डिप्लोमा प्रशिक्षणार्थी को 19497 रूपये प्रति माह देय होंगे। इंटरव्यू में शामिल होने के लिए आवेदकों को अपने समस्त दस्तावेज एवं पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ लाना होगा। प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल होने के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। इंटरव्यू में शामिल होने के लिए गेट पर उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन कर पंजीयन करना अनिवार्य होगा।

## अरहर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन आज तक

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 7550 रुपए प्रति क्विंटल पर जिले भर में अरहर का उपार्जन किया जाएगा। खरीफ वर्ष 2024-25 में ई उपार्जन पोर्टल पर अरहर (तुअर) फसल के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 15 मई तक होगा तथा सत्यापन 17 मई तक किया जायेगा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कहा है कि उपार्जन के लिए किसान ई उपार्जन पोर्टल में अपना पंजीयन नियत तिथि तक करा लें। सभी सहकारी समिति प्रबंधक तुअर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करें। पंजीकृत किसानों को ही समर्थन मूल्य पर तुअर के उपार्जन का लाभ मिलेगा।

## मंत्री विजय शाह की विधानसभा सदस्यता समाप्त की जाय : शिव सिंह

### हाईकोर्ट का फैसला स्वागत योग्य



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ विवादास्पद बयान मामले में मध्य प्रदेश भाजपा सरकार के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं जबलपुर हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन एवं जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने मामले को खुद नोटिस में लिया है कोर्ट ने डीजीपी को चार घंटे के अंदर मंत्री के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को कहा है आदेश करते समय हाईकोर्ट ने मंत्री के बयान पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत की एकता अखंडता को खतरे में डालने एवं संप्रदायिकता बढ़ाने का काम किया है अगर 4 घंटे के अंदर मंत्री के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाती तो ऐसी स्थिति पर डीजीपी के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही की जाएगी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव शिव सिंह ने माननीय हाईकोर्ट के आदेश का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्यवाही प्रदेश की मोहन सरकार को स्वयं करनी चाहिए थी लेकिन प्रदेश में बैठी भाजपा सरकार एवं भाजपाई कुनबा देशद्रोही मंत्री का बचाव करता रहा जिसकी समाजवादी पार्टी घोर निंदा करती है शिव सिंह ने ऐसे संविधान लोकतंत्र देश विरोधी मंत्री की विधानसभा सदस्यता समाप्त करने की मांग की है।

## निराला नगर बस्ती में अतिक्रमण पर दूसरे दिन भी चला बुलडोजर



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** निराला नगर वार्ड-9 स्थित बंसल बस्ती में नगर निगम प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 से ज्यादा मकानों को जमींदोज कर दिया है। यह कार्रवाई मंगलवार से शुरू हुई थी, जो बुधवार को भी जारी रही। नाले के किनारे स्थित इस बस्ती में हर साल बारिश में जलभराव की स्थित बनती है। नगर निगम आयुक्त सौरभ सोनवणे ने बताया कि यह अतिक्रमण वर्षों से चला आ रहा था और बारिश में बस्ती पूरी तरह डूब जाती थी। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के साथ ही पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया जा रहा है। योजना के अंतर्गत भवन आवंटित कर पक्के मकानों में शिफ्ट किया जा रहा है। पूरी कार्रवाई शांति और व्यवस्था के साथ की जा रही है। हालांकि कुछ रहवासी इस विस्थापन का विरोध भी कर रहे हैं। बतादें कि, इस क्षेत्र में लंबे समय से संदिग्ध और अनैतिक गतिविधियों की शिकायतें भी मिल रही थीं। यहां सरस्वती स्कूल, पॉलीटेक्निक कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज जैसे शैक्षणिक संस्थानों के पास में ही होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा था। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, बार-बार मिल रही शिकायतों, बस्ती की स्थिति और जलभराव की गंभीर समस्या को देखते हुए यह कार्रवाई आवश्यक थी।

## परीक्षा पूर्व नि :शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन आज तक आमंत्रित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से 15 मई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ने बताया कि आवेदन पत्र स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति अथवा जनजातीय का सदस्य होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तय की गयी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखता हो। प्रशिक्षण के लिए चयनित होने पर प्रशिणार्थी को 500 रूपये सुरक्षानिधि जमा करके अनुबंध के अनुसार प्रशिक्षण में प्रवेश दिया जायेगा।

# संपादकीय

## पाकिस्तान में पनप रहे गृह युद्ध के हालात?

जब पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार थी, तब यही कहा जाता है कि इमरान को सेना और आतंकियों का समर्थन मिला था। आज इमरान की पार्टी विपक्ष में है। इसलिए उनकी पार्टी के कार्यकर्ता सरकार के विरोध में वातावरण बनाने में लगे हुए हैं।

पहलगांव में घटित आतंकी घटना के बाद भारत की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई से एक बार फिर से पाकिस्तान हताश और निराश दिखाई दिया। इसी हताशा के चलते पाकिस्तान ने अमेरिका के समक्ष मिन्नत करके भारत की जबरदस्त कार्यवाही को युद्ध विराम में परिवर्तित करने में सफलता प्राप्त की। लेकिन इससे पाकिस्तान पर मंडरा रहे संकट का पूरा समाधान नहीं निकल सका है। भारत की ओर से स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। आतंक और वार्ता एक साथ नहीं हो सकती। इसका आशय स्पष्ट है कि भारत किसी के दबाव में नहीं है। आतंक को समाप्त करने के लिए उसका अभियान जारी रहेगा। हालांकि अब युद्ध विराम हो गया है, लेकिन चारों तरफ से बुरी तरह से घिर चुके पाकिस्तान के सामने अब नई चुनौती पैदा हो गई है। यह नई चुनौती भारत ने नहीं, बल्कि उनके अपनों ने ही पैदा की है। पाकिस्तान की शहबाज शरीफ की सरकार को राजनीतिक विरोधियों के आक्रोश का सामना करना पड़ रहा है, वहीं आम जनता भी सरकार के युद्ध विराम के फैसले से नाखुश है। आम जनता अपनी ही सरकार और सेना पर कई प्रकार के सवाल खड़े करने लगी है। कहा जाता है कि जब धुआं उठा है तो आग भी अपना रूप दिखा सकती है। वैसे पाकिस्तान के बारे में यह सत्य है कि उसने अपने ही देश में बारूद के ढेर स्थापित कर दिए हैं। यह बारूद के ढेर आतंकी सरगनाओं द्वारा चल रहे प्रशिक्षण शिविर हैं। जहां आतंकी पैदा किए जाते हैं। आज जहां पूरे विश्व में आतंक के विरोध में वातावरण है, वहीं पाकिस्तान आतंकियों को पालने और पोषने वाले देश के रूप में पहचान बना चुका है। यह कई बार प्रमाणित भी हो चुका है। आज भी पाकिस्तान के अंदर अंतरराष्ट्रीय आतंकी तौर पर घोषित आतंकी छिप कर बैठे हैं। भारत ने आपरेशन सिन्दूर के तहत जिस तरह से आतंकी शिविरों पर आक्रमण किया था, उससे एक बार फिर यह सिद्ध हो चुका है कि पाकिस्तान में आतंकवादियों को पैदा करने के उद्योग चल रहे हैं। पाकिस्तान को आतंक के विरोध में कार्यवाही करने के लिए कई बार चेतावनी दी गई, लेकिन पाकिस्तान सरकार आतंकियों के विरोध में कोई ठोस अभियान नहीं चलाती। इसका कारण यह भी है कि पाकिस्तान की राजनीति को आतंकी ही संचालित करते हैं। आतंकियों द्वारा कई बार सरकार को बनाने के लिए राजनीतिक दलों का समर्थन भी दिया जाता है।

जब पाकिस्तान में इमरान खान की सरकार थी, तब यही कहा जाता है कि इमरान को सेना और आतंकियों का समर्थन मिला था। आज इमरान की पार्टी विपक्ष में है।

# विराट और रोहित के संन्यास से क्रिकेट का एक युग समाप्त

**देश के दो प्रमुख क्रिकेटरों ने टेस्ट मैचों से संन्यास का ऐलान कर दिया है। इससे भारतीय क्रिकेट के एक युग का समापन हो गया है। कप्तान रोहित शर्मा के बाद 12 मई को पूर्व कप्तान विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। भारत की ओर से अब ये दोनों केवल वनडे मैच खेलेंगे। अगले महीने भारतीय टीम को इंग्लैंड दौरे पर जाना है। वहां 20 जून से पांच टेस्ट मैचों की सीरीज आरंभ होगी। इस लिहाज से इसे एक झटका कहा जा सकता है। दो अनुभवी खिलाड़ियों की गैर हाजिरी से टीम के जीतने की संभावना क्षीण हो जाएगी। इंग्लैंड की धरती पर उन्हें हराना कठिन चुनौती है। विराट उम्र में रोहित से दो साल छोटे हैं इसलिए उनसे अभी ऐसी उमीद नहीं थी। बीसीसीआई ने उनसे अपना फैसला बदलने के लिए भी कहा लेकिन विराट नहीं माने। वह इंग्लैंड दौरे के बाद यह निर्णय करते तो ज्यादा उचित होता। पर, रिटायरमेंट किसी भी खिलाड़ी का निजी फैसला होता है। इन दोनों ने जून 2024 में टी-20 विश्व कप जीतने के बाद एक साथ ही टी-20 फार्मेट से संन्यास लेने की घोषणा की थी। अब टेस्ट मैच को इन्होंने लगभग एकसाथ ही अलविदा कह दिया है।**



विराट कोहली से सचिन तेंदुलकर के सौ शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ने की उम्मीद की जा रही थी। पर, अब ऐसा नहीं होगा। अपने 14 साल के करियर में कोहली ने 123 टेस्ट खेले और कुल 9,230 रन बनाए। उनके नाम 30 शतक और 31 अर्ध शतक है। टेस्ट में 7 दोहरा शतक जड़ने वाले वे इकलौते भारतीय और दुनिया के एकमात्र कप्तान हैं। 254 नाबाद उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। उन्होंने 68 टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी की जिसमें से 40 में जीत हासिल की। पिछले साल जब न्यूजीलैंड से भारत 3-0 से टेस्ट सीरीज हारा तब विराट कोहली और कप्तान रोहित की खूब आलोचना हुई थी। ऑस्ट्रेलिया दौरे के पहले टेस्ट मैच में विराट ने पर्थ में शतक लगाकर अच्छा संकेत दिया था लेकिन बाद के मैचों में उनकी फार्म फिर गड़बड़ रही। भारत यह सीरीज हार कर स्वदेश लौटा। वनडे में उनके 50 से अधिक शतक हैं। एक शतक टी-20 में है। सौ का आंकड़ा बहुत दूर नहीं था। मैदान पर विराट की आक्रामक मुद्रा टीम में जोश भरने के लिए काफी है। टेस्ट मैचों में पिछले कुछ वर्षों से विराट और रोहित दोनों का प्रदर्शन उतार पर था। विराट ने टेस्ट क्रिकेट में दस हजार रन पूरे करने से पहले ही संन्यास ले लिया।

कप्तान रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का निर्णय अप्रत्याशित नहीं कहा जा सकता लेकिन विराट ने सबको चौंका दिया है। वह मौजूदा आईपीएल में भी उम्दा खेल दिखा रहे हैं। दो माह पहले दुबई में चैम्पियंस ट्राफी में उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध शतक भी लगाया था। उम्मीद थी कि वह अभी दो-तीन साल और खेलेंगे। अब हम इन दोनों को वनडे में ही खेलते देख सकेंगे।

इस खेल के लंबे प्रारूप में रोहित प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा है। 38 साल के रोहित पर उम्र का असर दिख रहा है। वर्ष 2024 में उनका प्रदर्शन बहुत निराशाजनक रहा। उनकी कप्तानी में भारत ने अपने घर में ही न्यूजीलैंड से तीन टेस्ट मैचों की सीरीज गंवाई। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की बार्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज में भी भारत को पराजय स्वीकार करनी पड़ी। हालत यह थी कि अंतिम टेस्ट मैच में कप्तान रोहित को खुद बाहर बैठना पड़ा। उनकी जगह जसप्रीत बुमराह ने कप्तानी की। कोच गौतम गंभीर से विवाद की खबरें भी सामने आईं। रोहित के नेतृत्व पर सवाल उठने लगे। उनसे संन्यास लेने की मांग की जाने लगी। खैर, अब जब रोहित ने टेस्ट मैच से हटने का फैसला किया है तो बीसीसीआई को नए कप्तान की तलाश करनी होगी। जून में भारतीय टीम को पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने इंग्लैंड का दौरा करना है। इसी के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अगले सत्र की शुरुआत हो जाएगी।

रोहित शर्मा टी-20 से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। अब वह केवल वनडे मैच खेलते नजर आएंगे। जून 2024 में टी-20 विश्व कप जीतने के बाद उन्होंने इस प्रारूप से संन्यास लेने का ऐलान किया था। उनके साथ विराट कोहली और रवींद्र जडेजा ने भी देश की ओर से टी-20 नहीं खेलने का निर्णय किया था। रोहित ने 2007 के टी-20 विश्व कप से अपना अंतरराष्ट्रीय करियर आरंभ किया था। मगर, टेस्ट मैचों में उन्हें जगह देर से मिली। 2013 में जब वेस्ट इंडीज की टीम भारत आई तब रोहित को टेस्ट टीम में शामिल किया गया। पहले वह मध्य क्रम में खेलते थे। बाद में सलामी बल्लेबाज की भूमिका में आ गए। रोहित ने कुल 67 टेस्ट खेले जिसमें 12 शतक और 18 अर्ध शतक के साथ 4301 रन बनाए। पांच दिन के मैचों में 212 उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह आश्चर्य की बात है कि रोहित जैसा बड़ा खिलाड़ी सौ टेस्ट भी नहीं खेल पाया। ये आंकड़े उनके कद के अनुरूप नहीं हैं। विराट कोहली ने जब 2021 में कप्तानी छोड़ी तो रोहित शर्मा को यह जिम्मेदारी दी गई। वह सभी फार्मेट में कप्तान बने। बतौर कप्तान रोहित ने 24 टेस्ट मैच खेले जिसमें 12 जीते और 9 में पराजय मिली। इस दौरान उनका औसत 30.58 का रहा। रोहित शर्मा पर सीमित ओवरों के मैच के बढ़िया खिलाड़ी का ठप्पा लग चुका था। उन्होंने वनडे मैचों में दनादन पारियां खेलीं। 50 ओवर के मैच में दो दोहरे शतक बनाकर सुर्खियां बटोरी। वर्ष 2019 के वनडे विश्व कप में वह जबर्दस्त फार्म में थे। चार शतक उनके बल्ले से निकले। उनके शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम अंक तालिका में टॉप पर थी। दुर्भाग्य से सेमी फाइनल में न्यूजीलैंड से हार कर भारत खिताबी दौड़ से बाहर हो गया। टी-20 और वनडे में रोहित की धुंआधांर बल्लेबाजी से उनका नाम %हिटमैन% पड़ गया। उन्होंने 273 वनडे मैचों में 11,186 रन बनाए। इसमें 264 उनका सर्वोच्च स्कोर है। 2023 के वनडे विश्व कप में रोहित कप्तान थे। हमारी टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन फाइनल में कंगारू टीम से हार गए। अब लगता है कि वह अगला वनडे विश्व कप 2027 खेल कर इस फार्मेट से भी संन्यास ले लेंगे। तब तक वह 40 साल के हो जाएंगे ।विराट और रोहित के संन्यास से क्रिकेट का एक युग समाप्त विराट कोहली से सचिन तेंदुलकर के सौ शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ने की उम्मीद की जा रही थी। पर, अब ऐसा नहीं होगा। अपने 14 साल के कॅरियर में कोहली ने 123 टेस्ट खेले और कुल 9,230 रन बनाए। उनके नाम 30 शतक और 31 अर्ध शतक है।

देश के दो प्रमुख क्रिकेटरों ने टेस्ट मैचों से संन्यास का ऐलान कर दिया है। इससे भारतीय क्रिकेट के एक युग का समापन हो गया है। कप्तान रोहित शर्मा के बाद 12 मई को पूर्व कप्तान विराट कोहली ने भी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया। भारत की ओर से अब ये दोनों केवल वनडे मैच खेलेंगे। अगले महीने भारतीय टीम को इंग्लैंड दौरे पर जाना है। वहां 20 जून से पांच टेस्ट मैचों की सीरीज आरंभ होगी। इस लिहाज से इसे एक झटका कहा जा सकता है। दो अनुभवी खिलाड़ियों की गैर हाजिरी से टीम के जीतने की संभावना क्षीण हो जाएगी। इंग्लैंड की धरती पर उन्हें हराना कठिन चुनौती है। विराट उम्र में रोहित से दो साल छोटे हैं इसलिए उनसे अभी ऐसी उम्मीद नहीं थी। बीसीसीआई ने उनसे अपना फैसला बदलने के लिए भी कहा लेकिन विराट नहीं माने। वह इंग्लैंड दौरे के बाद यह निर्णय करते तो ज्यादा उचित होता। पर, रिटायरमेंट किसी भी खिलाड़ी का निजी फैसला होता है। इन दोनों ने जून 2024 में टी-20 विश्व कप जीतने के बाद एक साथ ही टी-20 फार्मेट से संन्यास लेने की घोषणा की थी। अब टेस्ट मैच को इन्होंने लगभग एकसाथ ही अलविदा कह दिया है।

विराट कोहली से सचिन तेंदुलकर के सौ शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ने की उम्मीद की जा रही थी। पर, अब ऐसा नहीं होगा। अपने 14 साल के करियर में कोहली ने 123 टेस्ट खेले और कुल 9,230 रन बनाए। उनके नाम 30 शतक और 31 अर्ध शतक है। टेस्ट में 7 दोहरा शतक जड़ने वाले वे इकलौते भारतीय और दुनिया के एकमात्र कप्तान हैं। 254 नाबाद उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। उन्होंने 68 टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी की जिसमें से 40 में जीत हासिल की। पिछले साल जब न्यूजीलैंड से भारत 3-0 से टेस्ट सीरीज हारा तब विराट कोहली और कप्तान रोहित की खूब आलोचना हुई थी। ऑस्ट्रेलिया दौरे के पहले टेस्ट मैच में विराट ने पर्थ में शतक लगाकर अच्छा संकेत दिया था लेकिन बाद के मैचों में उनकी फार्म फिर गड़बड़ रही। भारत यह सीरीज हार कर स्वदेश लौटा। वनडे में उनके 50 से अधिक शतक हैं। एक शतक टी-20 में है। सौ का आंकड़ा बहुत दूर नहीं था। मैदान पर विराट की आक्रामक मुद्रा टीम में जोश भरने के लिए काफी है। टेस्ट मैचों में पिछले कुछ वर्षों से विराट और रोहित दोनों का प्रदर्शन उतार पर था। विराट ने टेस्ट क्रिकेट में दस हजार रन पूरे करने से पहले ही संन्यास ले लिया। कप्तान रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का निर्णय अप्रत्याशित नहीं कहा जा सकता लेकिन विराट ने सबको चौंका दिया है। वह मौजूदा आईपीएल में भी उम्दा खेल दिखा रहे हैं। दो माह पहले दुबई में चैम्पियंस ट्राफी में उन्होंने पाकिस्तान के विरुद्ध शतक भी लगाया था। उम्मीद थी कि वह अभी दो-तीन साल और खेलेंगे।

# यह अल्पविराम है, युद्ध तो होगा ही !

पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारत के वीर जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को जिस तरह से नष्ट भ्रष्ट किया, विश्वभर में उसका कोई दूसरा उदाहरण सहसा ही स्मरण नहीं आता। आतंकी ठिकानों की विनाश और सैकड़ों आतंकियों के अर्थी एक साथ उठने से बौखलाए पाकिस्तान ने भारतीय शहरों, आम नागरिकों, पूजा स्थलों और सैन्य ठिकानों पर हमले करके जिस अदूरदर्शिता का परिचय दिया उसके बारे में क्या कहा ही कहा जाए।

पाकिस्तानी सेना के हमलों के प्रत्युत्तर में जब वीर भारतीय सैनिकों ने अपने हथियारों का रुख पाकिस्तान की ओर मोड़ा तो तीन ही दिन में पाकिस्तान दया की भिक्षा मांगने लगा। दुनिया में श्रेष्ठ सैनिकों में शामिल भारतीय सैनिकों ने जिस तरह पाकिस्तान के हमलों को कुशलता पूर्वक असफल किया और उसके सैन्य ठिकानों पर अचूक निशाना लगाया है, उससे विश्व की तमाम छोटी—बड़ी शक्तियां अवाक और संज्ञाशून्य की स्थिति में है। दोनों देशों के डीजीएमओ की बातचीत के बाद मौखिक संघर्ष विराम हो चुका है। पाकिस्तान की प्रवृति, चरित्र और इतिहास के आलोक में एक बात स्पष्ट तौर पर जान लीजिए, या गांठ बांध लीजिए, आज नहीं तो कल युद्ध तो होना ही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 मिनट के अपने सटीक, संतुलित और सारगर्भित संबोधन में पाकिस्तान के दुष्ट आचरण और दुष्प्रवृति को समस्त विश्व के समक्ष निरावृत करने में कोई कसर शेष नहीं छोड़ी। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से साहसी भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान को जितनी गहरे घाव दिये हैं, वो उसकी आने वाली संततियों को भी विस्मृत नहीं होंगे। वर्ष 1948, 1965, 1971 और 1999 में पाकिस्तान से हुए युद्ध में भारत ने



पाकिस्तान को इतनी बुरी तरह से नहीं पीटा, जितना ऑपरेशन सिंदूर में उसको क्षति पहुंची है। जितने गहरे घाव उसे इस बार वीर भारतीय सैनिकों ने दिये हैं, वो अगर पूर्व में दिये गये होते तो यह दिन देखने की आवश्यकता नहीं होती। एक दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति के अभाव में पाकिस्तान हर बार बचता रहा। और हमारे सैनिक चाहकर भी पाकिस्तान को छोड़ते रहे। लेकिन वर्तमान में पीएम मोदी की सरकार ने जिस दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय दिया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए वो कम ही है।

साहसी भारतीय सेना के हमलों से हो रहे प्रत्यक्ष और संभावित नुकसान के दृष्टिगत पाकिस्तान अपने आका अमेरिका की शरण में गया, लेकिन उसे वहां से भी कोई संतोषप्रद आश्वासन प्राप्त नहीं हुआ। अंततोगत्वा पाकिस्तान के मिलट्री ऑपरेशन के डीजी ने अपने भारतीय समकक्ष से संपर्क साधा। भारतीय सेना ने अपने संकल्पों, नियमों और इच्छा अनुकूल संघर्ष विराम की उद्घोषणा की। संघर्ष विराम का क्रेडिट लेने का भरपूर प्रयास अमेरिका और उसके राष्ट्रपति ट्रम्प ने किया। लेकिन भारतीय सेना की ब्रीफिंग और पीएम मोदी के संबोधन ने अमेरिका के सारे दावों की वायु निकाल दी।

एक प्रसिद्ध कहावत है, चोर चोरी से जाए, हेरा फेरी से न जाए। और पाकिस्तान ही वह चोर है, जो हेरा फेरी से बाज नहीं आएगा। संघर्ष विराम की घोषणा के बाद भी उसके आचरण में अधिक परिवर्तन देखने को नहीं मिला। इसलिए भारत सरकार और पीएम मोदी ने स्पष्ट संदेश पाकिस्तान को दिया है कि भविष्य में आतंक की घटना को युद्ध माना जाएगा।

पाकिस्तान अपने चरित्र के अनुरूप आचरण करेगा, यह मेरा ही नहीं, हर जागरूक नागरिक का अटल विश्वास है। भारतीय नीति और विचार यह है कि हमारे लिए आतंकवाद समाप्त हो जाए तो हमारा संघर्ष और युद्ध समाप्त हो जाएगा। उसे हम अपनी जीत मान लेंगे। लेकिन पाकिस्तान के लिए यह लड़ाई कभी समाप्त नहीं होगी क्योंकि उसका वास्तविक लक्ष्य है भारत को मिट्टी में मिलाना है। उसका जन्म ही भारत से घृणा के आधार पर हुआ है।

जब तक भारत है, तब तक पाकिस्तान की लड़ाई है। तो भारत का होना, भारत की उपस्थिति, भारत का अस्तित्व ये पाकिस्तान के लिए जोखिम है। वो इसी जोखिम को समाप्त करने का प्रयास करता रहता है।

भारत को मिट्टी में मिलाने के पाकिस्तान ने पहले युद्ध के माध्यम से प्रयास किए। जब उसने यह देखा कि युद्ध में हानि अधिक है, और वह अपने लक्ष्यों का प्राप्त नहीं कर पा रहा है तो उसने छद्म युद्ध शुरू किया। इस छद्म युद्ध के अंतर्गत आतंकवादियों का संरक्षण, प्रशिक्षण देकर भारत में अशांति फैलाने की नीति पर चलना शुरू किया। इसमें कोई बड़ा खर्च भी नहीं है। शस्त्र क्रय करने के लिए उसे धन अमेरिका, यूरोप, तुर्की और चीन दे ही देते हैं। अफगान युद्ध का उसने खूब लाभ उठाया। अमेरिका से उसने पैसा भी लिया, हथियार भी लिए। पहले रूस से लड़ने के लिए, फिर अफगानिस्तान से लड़ने के लिए। अमेरिका को भी धोखा देता रहा। ओसामा बिन लादेन को अपने यहां छुपा कर रखा और अमेरिका को पता नहीं लगने दिया। आखिरकार अमेरिका ने खोज लिया और खोज कर मारा।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि पाकिस्तान किसी को भी धोखा दे सकता है। और भारत को तो हमेशा धोखा ही देगा। पाकिस्तान की एक बात पर हमेशा विश्वास करना चाहिए कि उस पर कभी भरोसा नहीं करना चाहिए। वो हमेशा दगा देखा, हमेशा धोखा देगा। इसलिए वो चाहे कोई भी वायदा करे तब भी उस पर भरोसा नहीं करना चाहिए कि वो भविष्य में आतंकवाद का साथ नहीं देगा। वो सिर्फ अवसर की प्रतीक्षा करेगा। वर्तमान में जो स्थितियां वहां भारत के हमले के बाद उपजी हैं, उसके चलते पाकिस्तान की सेना और सरकार आमजन में अपनी छवि और साख को बनाए रखने के लिए भारत को नुकसान पहुंचाने में पीछे नहीं हटेगा। ये बात गांठ बांध लीजिए। ये संघर्ष विराम उसे इसीलिए चाहिए था, सांस लेने का अवसर। जो घाव भारतीय सेना ने उसे दिये है, उन पर मरहम पट्टी का अवसर चाहिए था। उसे फिर से तैयारी का अवसर चाहिए था। फिर से आतंकवादी गतिविधियों की रणनीति बनाने का समय और मौका चाहिए था। उसे तीन वस्तुओं की आवश्यकता थी। समय, पैसा और हथियार। और उसको ये तीनों चीजें संघर्ष विराम ही दिला सकता था।

रतनपुर में सुशासन तिहार हुई संपन्न ग्रामीणों को मिला कई योजनाओं का लाभ

# सुशासन का एक ही उद्देश्य है अंतिम छोर के व्यक्ति तक योजनाओं के लाभ को पहुंचाना







**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला के खडगवां विकासखंड अंतर्गत ग्राम रतनपुर में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के तीसरे चरण में आज एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रतनपुर मे आयोजित किया गया, शिविर का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। दीप प्रज्वलन के पश्चात जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। शिविर में खडगवां, पोड़ीडीह, कोड़ागी, पेन्ड्री, बोड़ेमुड़ा, धनपुर, कोटेया एवं रतनपुर ग्राम पंचायत के ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया गया। शिविर में ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है, जिसमें वर्तमान में तीसरा चरण संचालित हो रहा है। शिविर के माध्यम से उपस्थित लोगों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि किन विभागों ने अब तक कितने आवेदनों का निराकरण किया है, कितने आवेदन प्रक्रियाधीन हैं तथा कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

शिविर में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ग्राम जल जागरूकता अभियान पर विशेष चर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व और घरेलू जल आपूर्ति से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण घर तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। साथ ही लोगों को जल स्रोतों के संरक्षण और जल उपयोग में सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से "पानी बचाओ" की शपथ ली और अपने गांव में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया जिसमें जनपद पंचायत द्वारा सुरजकुंवर, राजकुमारी सिंह, होशियारो, राम कुमार, मान कुंवर, संगीता कुमारी, निराजो एवं हीरालाल को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा तुलसी, चंद्रप्रताप, बद्रीप्रसाद, फुलकुंवर एवं शिवनारायण को आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किए गए, जिससे अब ये लाभार्थी निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राजकुमारी, श्रीदेवी, धुरमतिया, शुएमा, तारा और कुन्ती को गोद भराई का लाभ दिया गया। साथ ही विभाग द्वारा हिमांशु, अर्चना, अंशिका, रामबली एवं आशा को सुपोषण टोकरी वितरित की गई। इस अवसर पर 6 माह के सुशांत का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न किया गया। शिविर के दौरान शिक्षा विभाग द्वारा विकासखंड खड़गवां के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों ने न केवल अपने विद्यालय का बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कक्षा 12वीं में सेजेस चिरमिरी के वैभव खाण्डे ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके साथ माही गुप्ता ने 94.2 प्रतिशत, अनिष्का खलखों ने 94.04 प्रतिशत, जरीन कौसर ने 89.4 प्रतिशत, साम्भवी पाण्डेय ने 88 प्रतिशत, समीर ने 86.2 प्रतिशत, प्रिया साहू ने 84.8 प्रतिशत, नितिन जायसवाल ने 84 प्रतिशत, प्रियंका साह ने 83.2 प्रतिशत एवं प्रगति ने 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शिक्षा जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 10वीं में सेजेस चिरमिरी के आदित्य कुमार गुप्ता ने 96.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उनके अलावा सत्यम शुक्ला ने 96.17 प्रतिशत, रिया विश्वास ने 94.50 प्रतिशत, राय सिंह ने 94.17 प्रतिशत, कावेरी ने 94 प्रतिशत, सूरज ने 93.50 प्रतिशत, पुष्कर पंकज ने 93.33 प्रतिशत, खनेश्वर सिंह ने 93.17 प्रतिशत, पियुष यादव ने 92.33 प्रतिशत, स्तुति यादव व नीलू ने 92.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इन होनहार विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें मंच पर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान आज ग्रामीणों से कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 40 आवेदन विभिन्न मांगों से संबंधित थे, जबकि 2 आवेदन शिकायतों के रूप में सामने आए। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को आश्वस्त किया गया कि सभी आवेदनों का शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंच सके। उल्लेखनीय है कि पूर्व में रतनपुर क्लस्टर में 897 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 743 का सफलतापूर्वक निराकरण किया जा चुका है, जबकि शेष 154 आवेदन लंबित हैं, जिन पर कार्यवाही जारी है।

कार्यक्रम के दौरान अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष श्री विरेन्द्र सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष श्री रामप्रताप गुप्ता, जनपद सदस्य खड़गवां श्री युगान्तर श्रीवास्तव, जनपद सदस्य रतनपुर श्रीमती सावित्री, सरपंच श्री सुखीत लाल अगरिया, नरेन्द्र सिंह, सुमार साय, श्री सागर सिंह एवं श्रीमती सुमन्ती बाई उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त अनुविभागीय अधिकारी रा. विजयेन्द्र सारथी, जनपद सीईओ रुपेश कुमार बंजारे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी बलविन्दर सिंह तथा एबीईओ एवं शिविर प्रभारी विजय पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी गण भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सभी ने अपनी सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## चयनित विद्यार्थियों के दस्तावेज परीक्षण 16 एवं 17 मई को होगा

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले में संचालित दो एकलव्य संयुक्त आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कक्षा 6वीं में विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए अंतिम मेरिट अनुसार चयनित एवं प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों की सूची जारी कर 12 मई से 14 मई 2025 तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यायलय पोड़ीडीह विकासखण्ड खड़गवॉं जिला एमसीबी के ऑडिटोरियम कक्ष में कॉउसिलिंग आयोजीत की गई थी। जिसमें मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति विद्यार्थियों का नाम सम्मिलित नहीं हुआ था, जिसे सम्मिलित करते हुए पुनः चयनित एवं प्रतीक्षा सूची जारी की जा रही है। चयनित एवं प्रतिक्षा सूची में उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जो पूर्व तिथियों में आयोजित कॉउसिलिंग में सम्मिलित हुए थे शेष परीक्षार्थी 16 मई एवं 17 मई 2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोड़ीडीह विकासखण्ड खड़गवॉं जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के ऑडिटोरियम कक्ष में समस्त अभिलेख/ दस्तावेजों के साथ उपस्थित होंगे।

चयनित विद्यार्थियों को प्रवेश के समय निम्नानुसार दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा। छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाणपत्र, अनुसूचित जनजाति का स्थायी जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, विद्यार्थियों का सिकल-सेल शासकीय चिकित्सक द्वारा जारी प्रमाण पत्र, माता-पिता को वामपंथी उग्रवाद, विद्रोह, कोविड से खोने, विधवाओं के बच्चे, दिव्यांग माता-पिता के बच्चे, भूमि दान, अनाथ वर्ग के बच्चे, वामपंथी उग्रवाद से लड़ते हुए अपनी जान गवाने वाले पुलिस, अर्धसैनिक, सशस्त्र बल के बच्चे, दिव्यांग बच्चे आदि का प्रमाण पत्र, विशेष शासकीय कर्मचारी के बच्चे, जिला चिकित्सालय बोर्ड का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रवेश के 15 दिवस के अंदर उपलब्ध करना होगा। इसके साथ ही सभी प्रमाण पत्रों की मूल एवं सत्यापित प्रति लाना अनिवार्य होगा।

## रायपुर में बीजेपी ने निकाली तिरंगा यात्रा



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाकर बदला लिया। इसलिए बीजेपी ने बुधवार शाम को रायपुर में तेलीबांधा (मरीन ड्राइव) से जयस्तंभ चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली। जिसमें नेताओं के अलावा सर्व समाज, साधु-संत और सैनिक परिवार भी शामिल हुआ।

सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, देश के सैनिकों ने पाकिस्तान के 9 ठिकानों को तबाह किया। जिसमें आतंकी पलते बढ़ते थे। आतंकियों ने हमारी माताओं-बहनों का सिंदूर उजाड़ने का काम किया था, उनके केंद्र को ही उजाड़ने का काम हमारे सैनिकों ने किया है। हम उनके अदम्य साहस को नमन करते हैं।

सीएम ने कहा कि, कोई भी गलतफहमी में किसी को नहीं रहना है। अभी ऑपरेशन सिंदूर स्थगित हुआ है, खत्म नहीं। इस तरह की अफवाह न फैलाएं, सोशल मीडिया पर तरह-तरह की बातें चल रही हैं। जिन लोगों ने माता-बहनों का सिंदूर उजाड़ा है। उन्हें चुन-चुन कर सेना मारेगी। भारत का सिर हमेशा ऊंचा रहेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि, अब पाकिस्तान ने नजर उठाकर देखा तो कड़ा प्रहार होगा। रायपुर शहर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि, पाकिस्तान सुधर जाए वरना उसे उजाड़ देंगे। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने कहा कि, पाकिस्तान को घुसकर मारेंगे। बता दें कि, इसका आयोजन प्रदेश स्तर, जिला स्तर और मंडल स्तर पर किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ के साहित्यकार-कलाकारों को अब 5000 पेंशन

### साय कैबिनेट की बैठक में औद्योगिक विकास नीति में संशोधन को मंजूरी; शुरू होगा शिक्षा गुणवत्ता अभियान



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई। साय कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। राज्य के सरकारी स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत कमजोर रिजल्ट वाले स्कूलों की नियमित मॉनिटरिंग अलग-अलग विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से की जाएगी।

इसके अलावा प्रदेश के साहित्यकारों और कलाकारों को दी जाने वाली पेंशन को 2000 रुपए से बढ़ाकर 5000 रुपए प्रति माह कर दिया गया है। साथ ही औद्योगिक विकास नीति में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

प्रदेश में इज आफ लिविंग को बढ़ावा देने के लिए न्यूनतम 500 विद्यार्थी क्षमता के कक्षा पहली से 12वीं निजी सीबीएसई मान्यता प्राप्त स्कूल और मल्टिप्लेक्स युक्त मिनी मॉल से वंचित नगरीय क्षेत्र और विकासखंड मुख्यालय से 10 किलोमीटर की परिधि तक के क्षेत्र में पहली 3 इकाई को थ्रस्ट सेक्टर की तरह प्राथमिकता दी जाएगी।

पिछली बैठक में सरकार ने छत्तीसगढ़ में बर्खास्त 2621 बीएड शिक्षकों को बहाल करने का फैसला किया था। ये सभी सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर एडजस्ट किए जाएंगे। इसके साथ ही ग्रामीण बस सेवा योजना शुरू करने का भी फैसला लिया गया था।

छत्तीसगढ़ में बर्खास्त 2621 बीएड शिक्षकों को बहाल कर दिया गया है। ये सभी सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर एडजस्ट किए जाएंगे। साय कैबिनेट की बैठक में ये अहम फैसला लिया गया है। इसके साथ ही ग्रामीण बस सेवा योजना शुरू करने का भी फैसला लिया गया है।

## रायपुर में 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म, रिश्तेदार ने बनाया शिकार



### पेरेंट्स के साथ फैमिली फंक्शन में आई थी मासूम

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** रायपुर में 8 साल की बच्ची से उसके दूर के रिश्तेदार ने ही किया है। दोनों एक फैमिली फंक्शन में रायपुर आए थे। इस दौरान रात में आरोपी ने गंदी हरकत की। राजधानी में हर 60 घंटे में एक नाबालिग से रेप हो रही है। यह मामला कबीर नगर थाना क्षेत्र का हैं। पुलिस के मुताबिक, 12 अप्रैल को मासूम अपनी मां के साथ हीरापुर में एक रिश्तेदार के घर आई थी। आरोपी योगेश जोशी (24) भी आया हुआ था। इस दौरान रात में वो बच्ची को जबरदस्ती अपने साथ ले गया। फिर सुनसान जगह पर दुष्कर्म किया। आरोपी ने बच्ची को किसी को कुछ न बताने के लिए डराया धमका भी।

इस घटना के बाद बच्ची से बातचीत में परिजनों को घटना की जानकारी मिली। जिसके बाद अगले दिन थाने में शिकायत दर्ज कराई। हालांकि आरोपी के खिलाफ पुलिस को पहले गाली गलौज और हंगामे की शिकायत मिली थी। जिस वजह से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर आरोपी को जेल भेज दिया गया था। पुलिस का कहना है कि, जेल से निकलने के बाद आरोपी को रेप के मामले में अरेस्ट किया जाएगा।

रीवा की खबरें

## बाल भवन में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर





**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में बाल भवन रीवा मे नालसा बाल मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना एवं नालसा वाणिज्यिक एवं दुर्व्यवहार से पीड़ितो हेतु एवं नशा उन्मूलन हेतु विधिक सेवा योजना के अंतर्गत विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौड ने नशे के घातक परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा व्यक्ति की सोचने समझने की शक्ति को ही नहीं बल्कि उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। यह सिर्फ व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज से भी अलग-थलग कर देता है। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नशा अक्सर अपराध की ओर ले जाता है। इसलिए यदि हम एक स्वस्थ शरीर, मजबूत समाज और उज्जवल भविष्य की कल्पना करते हैं, तो नशे से दूर रहना ही सबसे बुद्धिमानी है। उन्होंने यह भी बताया कि नशा और अपराध के बीच गहरा संबंध है, और इससे दूर रहकर ही हम एक सुरक्षित और सभ्य समाज की स्थापना कर सकते हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव समीर कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में किशोर न्याय बोर्ड और पॉक्सो एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि किशोर न्याय बोर्ड का उद्देश्य बच्चों द्वारा की गई किसी भी विधि विरुद्ध गतिविधि के मामलों को न्यायसंगत और सहानुभूतिपूर्वक तरीके से सुलझाना होता है। यह बोर्ड यह सुनिश्चित करता है कि बच्चों को सुधार की दिशा में अवसर मिले, न कि उन्हें अपराधी समझकर दंडित किया जाए।

जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में नालसा और सालसा द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन संस्थाओं का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर, वंचित और ज़रूरतमंद वर्गों को न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित कराना है। मिश्रा ने बताया कि नालसा और सालसा के माध्यम से ऐसे लोग जिन्हें आर्थिक या सामाजिक कारणों से न्याय प्राप्त करना कठिन होता है, जैसे गरीब, वृद्ध, महिलाएं, बच्चे, विकलांगजन, अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगक, उन्हें पूरी तरह से निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसमें वकील की सुविधाए कानूनी सलाह, मुकदमों की पैरवी और न्यायालयीन शुल्क की छूट जैसी सेवाएं शामिल हैं। इस अवसर पर बालभवन की संचालिका आरती चतुर्वेदी और शिक्षिका वर्षा गुप्ता, शिक्षक रामश्रय पटेल सहित एवं बालभवन के बच्चे उपस्थित रहे।

## आदिगुरू शंकराचार्य का दर्शन ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाएगा



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्रदेश भर में आदिगुरू शंकराचार्य की जयंती के संदर्भ में लगातार कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस क्रम में रीवा में जिला पंचायत सभागार में व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि आदिगुरू शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन को जानना सभी के लिए आवश्यक है। शंकराचार्य जी ने देश मे समरसता व एकात्म के कार्य किया। आज देश मे सामाजिक कटुता को दूर कर, सामाजिक एकता के लिए कार्य किया जा रहा है। देश की राष्ट्रीय सरकार, आदिगुरू शंकराचार्य जी के दर्शन को आत्मसात कर, देश को 2027 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने हेतु संकल्पित है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जन अभियान परिषद के शासी निकाय सदस्य कृष्णकांत दुबे ने कहा कि परिषद वर्तमान समय मे सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से देश के महापुरुषों के जीवन प्रसंगों को लेकर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। आदिगुरू का संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक चिंतन व दर्शन को दिखाता है। व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यवक्ता स्वामी बल्लभ चैतन्य जी ने बताया कि आदि गुरू ने 32 वर्ष के संक्षिप्त जीवनकाल में, चार पीठ, स्थापित करते हुए इन पीठो में वेद व उपनिषद के अध्धय्यन व शोध प्रारम्भ कराए। शंकराचार्य जी ने इस छोटी सी अवधि में ब्राम्हसूत्रो पर भाष्य लिखे। साथ ही देश को धार्मिक व सांस्कृतिक रूप से एकरूपता प्रदान की। व्याख्यान कार्यक्रम को प्रसिद्ध समाजसेवी व विधिवेत्ता संतोष अवधिया व संम्भाग समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा प्रदेश के सभी 313 विकासखंड में आदिगुरू के जीवन पर आधारित व्याख्यान कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। व्याख्यान कार्यक्रम का संचालन युवा कवि सिद्धार्थ वास्तव द्वारा व आभार विकासखंड समन्वयक अमित अवस्थी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुषमा शुक्ल, अनिता मिश्रा, धीरेंद्र शुक्ल राजेश अवधिया, देवेंद्र दुबे, अरुण तिवारी एवं ज़िलें से आये नवांकुर संस्था प्रमुख, परामर्शदाता, सीएमसीएलडीपी के छात्र व प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के संशोधित प्रावधान आज से होंगे लागू

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शासन की मुख्यमंत्री कन्या विवाह तथा निकाह योजना से हजारों गरीब कन्याओं के विवाह संपन्न कराए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर योजना के प्रावधानों में कई संशोधन किए गए हैं। योजना के नवीन प्रावधान 15 मई से लागू हो जाएंगे। इस संबंध में प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय सोनाली वायंगणकर ने बताया कि नए प्रावधानों के तहत सामूहिक विवाह समारोह में कम से कम 11 तथा अधिकतम 200 युगलों का विवाह संपन्न होगा। योजना के तहत कुल 55 हजार रुपए की राशि प्रत्येक कन्या के विवाह के लिए दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### इटली में खेला जाएगा होपमैन कप : आईटीए



**लंदन ( एजेंसी )।** होपमैन कप टेनिस टूर्नामेंट इटली के दक्षिणी शहर बारी में 16 से 20 जुलाई तक खेला जाएगा। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीए) ने कहा है कि इस साल इस मिश्रित टीम टूर्नामेंट में इटली, फ्रांस, स्पेन, यूनान, कनाडा और मौजूदा चैंपियन क्रोएशिया की टीमें भाग लेंगी। इसका आयोजन विंबलडन के एक सप्ताह बाद किया जाएगा।

मालूम हो कि होपमैन कप के लिए टीमों में एक पुरुष और एक महिला खिलाड़ी शामिल होते हैं। इसके एक मुकाबले में एक पुरुष एकल मैच, एक महिला एकल मैच और एक मिश्रित युगल मैच शामिल होता है पर इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। गौरतलब है कि ये टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया के महान खिलाड़ी हैरी होपमैन के नाम पर, होपमैन कप 1989 में शुरू हुआ और 2020 तक हर साल खेला जाता था। पहले 30 वर्ष तक इसका आयोजन ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर में टेनिस सत्र के पहले सप्ताह में किया जाता था। आखिरी बार इसका आयोजन 2023 में फ्रांस में हुआ था जिसमें क्रोएशिया के डोना वेकिच और बोर्ना कोरिच चैंपियन बने थे।

### सोने और चांदी की कीमतों में फिर लौटी तेजी



**▸ सोने का भाव 93,211 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 96,837 रुपए प्रति किग्रा**

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सोने की कीमतों ने एक दिन की राहत के बाद मंगलवार को फिर रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार को सोने और चांदी की कीमत में भारी गिरावट देखने को मिली थी। मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने का भाव 0.33 फीसदी चढ़ा है जो कि 93,211 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा गया। इसी तरह चांदी में भी 1.57 फीसदी की तेजी आई है और ये 96,837 रुपए प्रति किग्रा पर है। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 3,400 रुपए की भारी गिरावट के साथ 96,550 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना सोमवार को 3,400 रुपए गिरकर 96,100 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। यह 23 जुलाई, 2024 को सोने की कीमतों में 3,350 रुपए की गिरावट के बाद से 10 माह की सबसे बड़ी गिरावट है। शनिवार को 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 99,950 रुपए और 99,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

# अब अगस्त में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे रोहित शर्मा



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने पिछले सप्ताह टेस्ट प्रारुप से संन्यास की घोषणा कर दी थी। ऐसे में अब वह इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गये हैं। रोहित अब अगस्त में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते हुए दिखेंगे। भारतीय टीम अगस्त में बांग्लादेश के दौरे पर जाएगी। जिससे रोहित टीम की कप्तानी करते दिखेंगे। भारतीय टीम को इस दौरे में तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच खेलने हैं। रोहित इस दौरे में एकदिवसीय सीरीज में कप्तानी करेंगे। वह 2027 विश्व कप तक एकदिवसीय प्रारुप खेलना चाहते हैं। वहीं टी20 प्रारुप की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। भारतीय टीम का बांग्लादेश का दौरान 17 अगस्त से शुरू होगा। सीरीज का पहला एकदिवसीय ढाका के शेर ए बांग्ला स्टेडियम में खेला जाएगा जबकि दूसरा एकदिवसीय मैच 20 अगस्त को इसी स्थल पर होगा. सीरीज का तीसरा और आखिरी एकदिवसीय मैच 23 अगस्त को चटगांव में खेला जाएगा। इसके बाद टी20 सीरीज खेली जाएगी पर इसमें रोहित टीम के साथ नहीं होंगे क्योंकि उन्होंने पिछले साल ही टी20 प्रारुप को अलविदा कह दिया था। भारत और बांग्लादेश के बीच 42 एकदिवसीय खेले जा चुके हैं जहां भारत ने 33 मैच जीते हैं जबकि बांग्लादेश ने 8 जीते है जबकि एक मैच का कोई परिणाम नहीं निकला है।

## दिल्ली कैपिल्स को अब स्टार्क के बिना ही खेलना होगा



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का बचा हुआ सत्र शीघ्र शुरु होने की संभावनाएं हैं पर इस सत्र में दिल्ली कैपिटल्स को अब लगता है कि अपने तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के बिना ही खेलना पड़ सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बची सभी विदेशी खिलाड़ी स्वदेश लौट गये थे। उन्ही में स्टार्क भी थे। अब जो संकेत मिले हैं उससे साफ है कि स्टार्क अब शायद आईपीएल के बाकी बचे मैचों के लिए भारत लौटने वाले नहीं हैं। पिछले सप्ताह युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया के ज्यादातर खिलाड़ियों ने अपनी देश लौटने में ही भलाई समझी थी। रविवार को मिचेल स्टार्क अपनी पत्नी एलिसा हीली के साथ सिडनी पहुंच गए, जहां उन्होंने मीडिया से बात नहीं की पर उनके मैनेजर ने कहा कि वह पिछले दिन के तनाव के कारण डरे हुए और परेशान हैं। इसलिए बचे हुए सत्र के लिए वह जायं ऐसे संभावना नहीं है। पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच को ब्लैकआउट के कारण बीच में ही रद्द किया गया था तो हर किसी को लग रहा था कि टूर्नामेंट को स्थगित किया जाएगा। शुक्रवार की दोपहर को बीसीसीआई ने एक सप्ताह के लिए आईपीएल के स्थगित पर अगले ही दिन शनिवार 10 मई को संघर्ष विराम की घोषणा हो गयी। ऐसे में टूर्नामेंट के फिर से शुरू होने की बात सामने आई। इसके बाद टीमों ने विदेशी खिलाड़ियों से संपर्क किय पर वे उत्सुक नहीं दिखे। वहीं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) अपने खिलाड़ियों को वापसी के बारे में व्यक्तिगत निर्णय लेने का अधिकार दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, बोर्ड ने जोर देकर कहा है कि इस तरह के विकल्पों से आईपीएल में भविष्य के चयन या बीसीसीआई के साथ संबंधों पर असर नहीं पड़ना चाहिए, क्योंकि खिलाड़ी कठिन हालातों के कारण वापस आये हैं।

## आईपीएल पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने दिया बयान



### खिलाड़ियों के भारत लौटने के फैसले पर कही ये बात

**नई दिल्ली एजेंसी।** 17 मई को आईपीएल अपनी वापसी के लिए तैयार है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण 9 मई को टूर्नामेंट को अस्थायी रूप से रोक दिया गया था। अब दोनों देशों के बीच युद्धविराम समझौते के बाद, दुनिया की सबसे लोकप्रिय टी20 लीग फिर से शुरू होने जा रही है। इस बीच, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने खिलाड़ियों को भारत लौटने या न लौटने के फैसले में पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया है। पिछले हफ्ते के अंत में भारत-पाकिस्तान के बीच उपजे तनाव के कारण कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और स्टाफ भारत से स्वदेश लौट आए थे। अब, आईपीएल के फिर से शुरू होने के साथ, उनके सामने एक कठिन विकल्प है कि क्या वे लीग के अंतिम चरण के लिए भारत वापस जाएं या राष्ट्रीय जिम्मेदारियों पर ध्यान दें? क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस मामले में अपने खिलाड़ियों को पूरी छूट दी है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने बयान में कहा कि हम अपने खिलाड़ियों के निजी फैसलों का पूरा समर्थन करेंगे, चाहे वे आईपीएल के लिए भारत वापस जाएं या नहीं। जो खिलाड़ी बचे हुए आईपीएल मैच खेलना चाहेंगे, उनकी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की तैयारियों को ध्यान में रखकर टीम प्रबंधन योजना बनाएगा। फिलहाल बता दें कि, आईपीएल का फाइनल मुकाबला 3 जून को होगा जबकि इसके ठीक आट दिन बाद यानी 11 जून से लॉर्ड्स में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल शुरू होगा। इस बड़े मुकाबले को देखते हुए, खिलाड़ियों की फिटनेस और मानसिक तैयार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# रुपया 74 पैसे मजबूत होकर 84.62 प्रति डॉलर पर



**मुंबई ( एजेंसी )।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम होने तथा अमेरिका-चीन व्यापार समझौते से आशावादी रुख के बीच रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 74 पैसे मजबूत होकर 84.62 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारतीय परिसंपत्तियों में विदेशी निवेशकों की निरंतर रुचि ने स्थानीय मुद्रा को मौलिक समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.70 प्रति डॉलर पर खुला और फिर डॉलर के मुकाबले 84.74 पर लुढ़क गया। हालांकि, यह फिर वापसी करता हुआ 84.62 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 74 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.36 पर बंद हुआ था। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.58 पर रहा।

# 17 मई से आईपीएल 2025 का फिर से आगाज

## जून में होगा फाइनल मैच

**नई दिल्ली एजेंसी।** बीसीसीआई ने सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग का मौजूदा सत्र 17 मई से 6 जगहों पर फिर से शुरू करने का फैसला किया है। जिसमें संशोधित कार्यक्रम के अनुसार फाइनल तीन जून को खेला जाएगा। 8 मई को पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मैच रद्द होने के बाद आईपीएल कोरोक दिया गया था जब पाकिस्तान ने चंडीगढ़ के पास भारतीय हवाई क्षेत्र में घसपैठ की कोशिश की थी। बोर्ड ने एक बयान में कहा कि, बीसीसीआई को आईपीएल 2025 फिर से शुरू करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। सरकार और सुरक्षा एजेंसियों और सभी प्रमुख हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद बोर्ड ने बचे सत्र के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया है। लीग के फिर से शुरू होने पर पहला मैच 17 मई को बेंगलुरू में आरसीबी और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होगा। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार लीग मैचों के लिए 6 स्थान बेंगलुरु, जयपुर, दिल्ली, लखनऊ, अहमदाबाद और मुंबई होंगे। प्लेऑफ मैचों के लिए स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी। 6 स्थानों पर कुल 17 मैच खेले जाएंगे। संशोधित कार्यक्रम में दो डबल हेडर शामिल हैं जो दो रविवार को खेले जाएंगे।

## आईपीएल 2025 के शेष मैचों का कार्यक्रम

- 17- मई- आरसीबी बनाम केकेआर (7:30 पीएम, बेंगलुरु)
- 18 मई- राजस्थान रॉयल्स बनाम पंजाब किंग्स (दोपहर 7:30 पीएम, जयपुर)
- 18 मई- दिल्ली कैपिटल्स बनाम गुजरात टाइटंस (7:30 पीएम, दिल्ली)
- 19 मई- लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद (7:30 पीएम,लखनऊ)
- 20 मई- चेन्नई सुपर किंग्स बनाम राजस्थान रॉयल्स (7:30 पीएम, दिल्ली)
- 21 मई- मुंबई इंडियंस बनाम दिल्ली कैपिटल्स (7:30 पीएम मुंबई)
- 22 मई- गुजरात टाइटंस बनाम लखनऊ सुपर जायंट्स ( 7:30 पीएम,अहमदाबाद)
- 23 मई- रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम सनराइजर्स हैदराबाद (7:30 पीएम, बेंगलुरु)
- 24 मई- पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स (7:30 पीएम, जयपुर)
- 25 मई- गुजरात टाइटंस बनाम चेन्नई सुपर किंग्स (3:30 पीएम, अहमदाबाद)
- 25 मई- सनराइजर्स हैदराबाद बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स (7:30 पीएम, दिल्ली)

26 मई-पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस (7:30 पीएम, जयपुर)
27 मई- लखनऊ सुपर जायंट्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (7:30 पीएम, लखनऊ)
29 मई- क्वालिफायर 1 (7.30 पीएम)
30 मई- एलिमिनेटर (7.30 पीएम)
01 जून- क्वालिफायर 2 (7.30 पीएम)
03 जून- फाइनल (7.30 पीएम)

## गिरावट बाजार मे रही गिरावट

# सेंसेक्स 870 अंक लुढ़का, निफ्टी 24,700 के नीचे




**मुंबई ( एजेंसी )।** वैश्विक बाजारों से मिले मजबूत संकेतों के बावजूद घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट में खुले। इससे एक दिन पहले बाजार चार साल की सबसे अच्छी एक दिवसीय बढ़त लेकर बंद हुआ था। बाजार के जानकारों का कहना है कि घरेलू शेयर बाजार आज कंसोलिडेशन के फेस में जा सकता है। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 180 अंक गिरकर 82,249.60 पर खुला। सोमवार को यह 82,429.90 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। सुबह शुरुआत के बाद 471.58 अंक की गिरावट लेकर 81,958.32 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी गिरावट के साथ 24,864.05 अंक पर खुला। सोमवार को यह 24,924.7 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। सुबह शुरुआत के बाद यह 121.75 अंक की गिरावट लेकर 24,802.95 पर कारोबार कर रहा था। इस बीच मेरिका-चीन व्यापार समझौते के बाद वॉल स्ट्रीट में तेजी आने के बाद मंगलवार को एशियाई बाजारों में तेजी आई। जापान के निक्केई में 2.17 प्रतिशत की उछाल आई और टॉपिक्स में 1.77 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.13 प्रतिशत बढ़ा। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.71 प्रतिशत बढ़ा। सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 2,975.43 अंक की बढ़त के साथ 82,429.90 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी50 916.7 अंक की बढ़त के साथ 24,924.7 के स्तर पर बंद हुआ। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम होने तथा चीन और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते जैसी वैश्विक और घरेलू सकारात्मक घटनाओं के मेल से सोमवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांकों में तेज़ उछाल देखने को मिला। भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, गेल, सिप्ला, सीमेंस, भारती हेक्साकॉम, हीरो मोटोकॉर्प, आदित्य बिड़ला कैपिटल, ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन फार्मास्यूटिकल्स, मैक्स फाइनेंशियल सर्विसेज, हनीवेल ऑटोमेशन, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स, साई लाइफ साइंसेज, जुबिलेंट इंग्रेविया, सिरमा एसजीएस टेक्नोलॉजी, आईटीडी सीमेंटेशन इंडिया, मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर, एएसके ऑटोमोटिव, शैली इंजीनियरिंग प्लास्टिक, ऑरियनप्रो सॉल्यूशंस, द अनूप इंजीनियरिंग, वीआईपी इंडस्ट्रीज, पटेल इंजीनियरिंग कंपनी, सुवेन लाइफ साइंसेज, एडवांस्ड एंजाइम टेक्नोलॉजीज, डालमिया भारत शुगर एंड इंडस्ट्रीज, वीएसटी टिलर्स ट्रैक्टर्स, अर्केड डेवलपर्स, एलेम्बिक, ताज जीवीके होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, और स्टर्लिंग टूल्स समेत 84 कंपनियां आज जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे जारी करेंगी।

# नीरज चोपड़ा समेत चार भारतीय एथलीट दोहा डायमंड लीग में लेंगे हिस्सा




**नई दिल्ली एजेंसी।** नीरज चोपड़ा 16 मई को प्रतिष्ठित डाइमंड लीग प्रतियोगिता के दोहा चरण में तीन अन्य हमवतन खिलाड़ियों के साथ हिस्सा लेंगे। वहीं ये किसी डायमंड लीग प्रतियोगिता में भारत के सबसे अधिक प्रतिभागी हैं। ये डायमंड लीग में भारत के सबसे ज्यादा प्रतिभाशाली हैं। 2023 में इस प्रतियोगिता में 88.67 मीटर के साथ खिताब जीतने वाले नीरज चोपड़ा 2024 में 88.26 मीटर के साथ दूसरे नंबर पर रहे थे। अब वह पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में किशोर जेना के साथ हिस्सा लेने जा रहे हैं। किशोर जेना ने 2024 में भी भाग लिया था और 76.31 मीटर के थ्रो के साथ नौवां स्थान हासिल किया था। पुरुषों की जेवलिन थ्रो स्पर्धा में दो बार के विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के कांस्य विजेता ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स, 2024 के विजेता चेक गणराज्य के जैकब वडलेज, जर्मनी के जूनियन वेबर और मैक्स डेहिंग, केन्या के जूलियस येगो और जापान के रोडरिक डीन जैसे सितारे शामिल होंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य दो भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह हैं जो पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में डाइमंड लीग में पदार्पण कर रहे हैं। पारुल चौधरी महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज में भाग ले रही हैं। इस स्पर्धा में वह राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं।

# वेस्टइंडीज के नये टेस्ट कप्तान की दौड़ में रोस्टन सहित छह खिलाड़ी शामिल



**जमैका ( एजेंसी )।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को नया टेस्ट कप्तान अगले सप्ताह मिल सकता है। ये इसलिए क्योंकि वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि उसने नये कप्तान के लिए छह संभावितों के नाम तय किये हैं जिसमें से वह कप्तान के नाम की घोषणा करेगी। साथ ही कहा कि इन उम्मीदवारों के साक्षात्कर भी उसने लिए हैं। इसके अलावा नए टेस्ट कप्तान को चुनने के लिए अपनाई गई चयन प्रक्रिया को सभी ने पसंद किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार रोस्टन चेस, जस्टिन ग्रीव्स, जोशुआ डा सिल्वा, जॉन कैम्पबेल, जोमेल वॉरिकन और टेविन इमलाच टेस्ट कप्तानी की दौड़ में शामिल हैं। क्रिकेट निदेशक माइल्स बासकॉम्बे, सीडब्ल्यूआई की क्रिकेट समिति के अध्यक्ष हनोक लुईस, मुख्य कोच डैरन सैमी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस डेह्रिंग ने साक्षात्कार लिए। टेस्ट कप्तान के लिए सिफारिशें बासकॉम्बे और सैमी द्वारा की जाएंगी। साथ ही कहा कि कहा, हमें उम्मीद है कि अगले सप्ताह के अंत तक बोर्ड को टेस्ट कप्तान के लिए सिफारिशें मिल जाएंगी। क्रिकेट निदेशक के अनुसार यह है कि प्रक्रिया काफी अच्छी चल रही है। साथ ही कहा कि यह पहली बार है जब हम टेस्ट कप्तान चुनने की इस तरह की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और क्रिकेट प्रमुखों द्वारा सकारात्मक रवैयर अपनाया गया है। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए कुछ समय पहले ही कई बदलाव करते हुए कप्तान को भी हटा दिया था। उसका लक्ष्य विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अगले सत्र की अच्छी शुरुआत करना है।

# कोहली के संन्यास से रहाणे को मिल सकता है अवसर



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के संन्यास लेने से अब चयनकर्ता किसी अनुभवी बल्लेबाज की तलाश करेंगे। ऐसे में लंबे समय से टीम में वापसी का प्रयास कर रहे आजिंक्य रहाणे को टीम में जगह मिल सकती है। रहाणे ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल में भी उनका अब तक अच्छा प्रदर्शन रहा है। ऐसे में अगले माह होने वाले इंग्लैंड दौरे के लिए वह टीम में जगह पाने के प्रबल दावेदार उभरे हैं। विराट कोहली से पहले रोहित शर्मा पहले ही टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं। इन दो दिग्गजों के एकसाथ जाने से भारतीय टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की कमी हो गयी है। ऐसे में रहाणे के अलावा चेतेश्वर पुजारा के लिए टीम में राह बन सकती है। इसका कारण है कि ये दोनों ही इंग्लैंड में भारतीय टीम के मध्य क्रम को मजबूत बना सकते हैं। इंग्लैंड में मुश्किल विकेटों को देखते हुए जो सीम और स्विंग के लिए अनुकूल हैं। रोहित की अनुपस्थिति में भारत को कोहली जैसे अनुभवी और तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाज की मदद की आवश्यकता थी। ऐसे में जब ये दोनो ही नहीं हैं। रहाणे मध्यक्रम को संभाल सकते हैं। वह जुलाई 2023 से टीम इंडिया से बाहर हैं. रहाणे का इंग्लैंड के खिलाफ हालांकि रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं है।

उन्होंने इंग्लैंड में लॉर्ड्स में सिर्फ एक शतक लगाया है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लॉर्ड्स में 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में उन्होंने 89 और 46 रन बनाए थे। . रणजी ट्रॉफी में रहाणे ने 9 मैचों में 35.92 की औसत से 467 रन बनाए। ऐसे में सबके उनकी मौजूदगी से टीम को मजबूती और अनुभव मिलेगा। वहीं पुजारा की ऑस्ट्रेलिया में 2020-21 में भारत की टेस्ट सीरीज़ में अहम भूमिका रही। पुजारा के नाम पर भी बीसीसीआई इंग्लैंड दौरे के लिए विचार कर सकती है। पुजारा ने पूर्व में इंग्लैंड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने 39.51 की औसत से 1778 रन बनाए हैं।



# उमस से दिनभर परेशान रहे लोग, रात में बिजली भी रोज रुला रही

## बुधवार को जिले में तापमान पहुंचा 41 डिग्री के पार



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मई के मध्य में गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। लोग जहां उमस से परेशान रहते हैं वहीं रात में बिजली की अघोषित कटौती भी रूला रही है। शहर में भी रहवासी लगातार अघोषित कटौती का दंश झेल रहे हैं। वहीं विभागीय अधिकारियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

बुधवार को जिले में तापमान का पारा 41 पार कर गया। सुबह जहां आसमान में छिटपुट बादल छाए हुए थे वहीं दस बजे के बाद से धूप तेज हुई और उमस वाली गर्मी बढ़ गई। दोपहर तक तेज तपन और गर्म हवाओं के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। हालत यह थी कि शहर के बाजार खाली रहे। दोपहर में शिल्पी प्लाजा में भी काफी कम लोग पहुंचे। वहीं अन्य बाजारों में भी कम भीड़भाड़ रही। लोग घरों में भी भीषण गर्मी और उमस से परेशान होते रहे। वहीं शहर के प्रमुख जगहों में प्याऊ संचालित नहीं किए जाने से राहगीर ठंडे पेयजल के लिए भटकते देखे गए।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को न्यूनतम तापमान जहां 29.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस रहा। दिनभर उत्तर-पश्चिमी गर्म हवाएं चलती रहीं। संभावना व्यक्त की गई है कि रात जहां गर्म रहेंगी वहीं तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि हो सकती है। साथ ही चमक-गरज के साथ हल्की बारिश भी हो सकती है। बीती रात शहर के कई मोहल्लों में घंटों बिजली बंद रही। जिससे गर्मी और उमस से लोग परेशान रहे, वहीं मच्छरों का आतंक अलग से रहा। मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात शहर के उर्रहट, द्वारिका नगर, रवीन्द्र नगर, बजरंग नगर सहित आसपास के मोहल्लों में कई बार बिजली आती-जाती रही। जिससे लोगों को परेशानी हुई और रातभर सो नहीं पाए।

## जन्माष्टमी, गणेश महोत्सव और नवदुर्गा में होगा विशाल भगवती जागरण

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** हिन्दू धर्म परिषद द्वारा वार्षिक कलेण्डर जारी कर दिया है। परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी, आजीवन संरक्षक सुरेश विश्नोई, वरिष्ठ संरक्षक डीपी सिंह परिहार, अविराज ने वर्ष 2025 के आगामी माहों में आने वाले धार्मिक उत्सवों को भव्य रूप से मनाने के संकल्प के साथ कैलेण्डर घोषित किया है। जिसमें परिषद की सभी शाखाओं को कार्यक्रम कराने जिम्मेदारी सौंपी गई है। महिला शाखा रक्षाबंधन को योजना बद्ध तरीके से आयोजित करेगी। युवा शाखा जन्माष्टमी महोत्सव और वरिष्ठ शाखा नवदुर्गा में विशाल भगवती जागरण कराएंगे। गणेश महोत्सव को तीनो शाखायें संयुक्त रूप से सहयोग कर भव्य रूप प्रदान करेगी। संयोजक सुमित मांजवानी ने बताया इनके अलावा अन्य धार्मिक उत्सवों के लिये भी हिन्दू धर्म परिषद अपनी अग्रणी भूमिका निभायेगा। इस दौरान संरक्षक सदस्यों में डॉ. सीबी शुक्ला, डॉ. केके परौहा, डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. राहुल मिश्रा, कपिध्वज सिंह, संजय तिवारी, शिव कुशवाहा, डॉ. देवेश कुमार सोनी आदि का सहयोग रहेगा।

## रेडक्रॉस दिवस सप्ताह के समापन पर वृद्धाश्रम में संगोष्ठी



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** स्थानीय वृद्ध आश्रम स्वागत भवन के महाराज रघुराज सभागार में मानवता के पक्ष में विषय पर संगोष्ठी को आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रीवा विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. राजेंद्र कुमार कुडरिया ने कहा कि मानव में सेवा भाव और मानवता का होना अत्यंत आवश्यक है, इसी से व्यक्ति महापुरुष बनता है। उन्होंने कहा कि बाल्यकाल से ही समाज सेवा में उनकी विशेष रुचि रही है। कहा कि रेडक्रॉस के माध्यम से सेवा का जो कार्य किया जा रहा है वह अनुकरणीय है।

कार्यक्रम में रेडक्रॉस के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी ने कहा कि रेडक्रॉस सदैव मानवता के पक्ष में रात दिन सेवा कार्य में जुटा हुआ हैं। जिले में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और कलेक्टर प्रतिभा पाल का सदैव सहयोग प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा रेडक्रॉस के माध्यम से सेवा कार्य में समाज के लोगों को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम के रहवासी सुरेश देवगन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए वृद्ध आश्रम को स्वर्ग आश्रम बताया। इस अवसर पर रेडक्रॉस के वाइस चेयरमैन एके खान, सचिव डॉ. विनोद कुमार श्रीवास्तव, डॉ. एसके श्रीवास्तव, एसडीएम त्रिपाठी, एनपीएस परिहार, डॉ. बीएन त्रिपाठी, डॉ. अजीत सिंह, मुकुंद मिश्रा, सीमा श्रीवास्तव, डॉ. विभा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## सनातन मंदिर में हुआ सत्संग, सामूहिक पाठ और महाआरती



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** पूज्य गुरुदेव सतगुरु स्वामी सुन्दर दास साहिब का वर्सी महोत्सव श्रीसच खंड धाम उदासीन सनातन मंदिर चिरहुला कालोनी में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्वामी हंसदास और स्वामी सरुपदास का सानिध्य प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुखमनी साहिब के सामूहिक पाठ से हुआ। वहीं स्वामी सरुपदास ने सत्संग में गुरुदेव स्वामी सुन्दर दास साहिब के जीवन पर रोशनी डालते हुए बताया कि उनका जीवन बिल्कुल सादगीपूर्ण रहा और जीवन पर्यंत अपने सदगुरु बाबा होतुराम साहिब एवं आश्रम सेवा में संलग्न रहे। जीवन के अन्तिम के कुछ वर्षों में स्वास्थ्य ठीक न होने पर भी उन्होंने नित्य पूजा-पाठ, सतगुरुओं एवं आश्रम की सेवा नहीं छोड़ी। इस दौरान श्रीचन्द्र सिद्धांत सागर के सहज पाठ, भोग साहिबए और मात्रा शास्त्र का पाठ कर महाआरती की गई। कार्यक्रम के समापन में स्वामी हंसदास द्वारा संगत और विश्व कल्याण के लिए अरदास की गई। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में कृपाल दास, कोमल शर्मा, नीलीमा उदासी, पूज्य सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह, हुकुमत राम होतवानी, चंदीराम केसवानी, नंदलाल लाल कोटवानी, रमेश कुंजवानी, राजकुमार टिलवानी, अशोक बजाज, मुकेश ठारवानी साहित समाज के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## नशे से दूर रहना ही सबसे बड़ी बुद्धिमानी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** बाल भवन रीवा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश सुधीर सिंह राठौड ने नशे के घातक परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा व्यक्ति की सोचने समझने की शक्ति को ही नहीं बल्कि उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। कहा कि यह सिर्फ व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज से भी अलग-थलग कर देता है। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नशा अक्सर अपराध की ओर ले जाता है। इसलिए नशे से दूर रहना ही सबसे बड़ी बुद्धिमानी है। उन्होंने यह भी बताया कि नशा और अपराध के बीच गहरा संबंध है और इससे दूर रहकर ही हम एक सुरक्षित और सभ्य समाज की स्थापना कर सकते हैं।

## मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का अभ्यास वर्ग



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** हमारी परंपरा के अनुसार हमारा कार्य व्यवहार हो, हमारे निश्चय कभी विस्मृत ना हों तो हम अपने लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। शिक्षा में अमूल चूल परिवर्तन करना भी हमारा एक लक्ष्य है। शिक्षक, शिक्षार्थी और समाज शिक्षा की त्रिवेणी हैं। उक्त आशय का उद्गार प्रदेश शिक्षक संघ के अमरकंटक के कल्याण आश्रम में आयोजित तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर ने व्यक्त किए।

इस प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश भर के दायित्ववान कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। अभ्यास वर्ग में रीवा जिले से संस्कृत प्रकोष्ठ के प्रांत प्रमुख डॉ. कौशलेन्द्रमणि त्रिपाठी, जिला संगठन मंत्री विजय पाण्डेय, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, सचिव अरूण कुमार द्विवेदी, कोषाध्यक्ष अविनाश कुमार गौतम, जिला उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह, सुषमा उपाध्याय सम्मिलित हुए। 14 सत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में अतिरिक्त राष्ट्रीय महामंत्री स्कूल शिक्षा मोहन पुरोहित, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय राऊत, राष्ट्रीय आयाम प्रमुख गिरीश अग्निहोत्री, हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ के राष्ट्रीय आयाम प्रमुख लक्षी राम इंगल सहित कई अन्य प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।






स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।